हरिभूमि

# गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 14 मार्च 2026

06 शासकीय महाविद्यालय आरोन द्वारा गोद ग्राम...



07 नई आबकारी नीति के बाद 9 समूह में से 5 की दुकानों के ठेके ई टेंडर से...






## समाचार संक्षेप

### विश्वविद्यालय विकास समिति की बैठक संपन्न




**गुना।** क्रांतिवीर तात्या टोपे विश्वविद्यालय में शुक्रवार को विश्वविद्यालय विकास एवं उन्नयन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कुलगुरु प्रो. डॉ. किशन यादव ने की, जबकि कुलसचिव ए.के. मुगदल, परीक्षा नियंत्रक डॉ. प्रभात चौधरी सहित शिक्षकगण मौजूद रहे।बैठक में कुलसचिव ने विश्वविद्यालय की स्थापना से लेकर पिछले दो वर्षों की उपलब्धियों और आगामी वर्ष की कार्ययोजना पर प्रस्तुति दी। इसमें डिजिटाइजेशन, शोध व शिक्षा में उत्कृष्टता, स्थानीय जरूरतों पर आधारित पाठ्यक्रम, उद्योग आधारित कार्यक्रम और एआई तकनीक के उपयोग पर जोर दिया गया। समिति सदस्यों ने भी विश्वविद्यालय के विकास के लिए महत्वपूर्ण सुझाव दिए। कार्यक्रम का संचालन अंतिमा सक्सेना ने किया । आभार प्रियंका भदौरिया ने व्यक्त किया।

### पात्र परिवारों को दो माह का एकमुश्त राशन वितरण शुरू

**गुना।** शासन के निर्देशानुसार मार्च–अप्रैल 2026 का दो माह का एकमुश्त राशन वितरण 10 मार्च से 15 अप्रैल तक किया जाएगा। हितग्राहियों को पीओएस मशीन पर मार्च और अप्रैल माह के लिए अलग-अलग दो बार अंगूठा लगाकर बायोमेट्रिक सत्यापन करना होगा, जिससे दोनों माह का राशन एक साथ मिल सकेगा।अन्त्योदय राशन कार्डधारियों को प्रति परिवार 70 किलोग्राम खाद्यान्न, 2 किलो नमक 2 रुपये में तथा 2 किलो शक्कर 40 रुपये में दी जाएगी। वहीं प्राथमिकता परिवारों को प्रति सदस्य 10 किलोग्राम खाद्यान्न और 2 किलो नमक 2 रुपये में मिलेगा।प्रशासन ने हितग्राहियों से परिवार के सभी सदस्यों की केवाईसी कराने, पीओएस मशीन की पावती लेने और किसी भी समस्या होने पर सीएम हेल्पलाइन 181 पर शिकायत दर्ज कराने की अपील की है।

### मोबाइल कोर्ट के माध्यम से किया जा रहा भूमि संबंधित प्रकरणों का निराकरण



**गुना ।** कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल द्वारा मोबाइल कोर्ट के माध्यम से भूमि संबंधी विवादों का लगातार निराकरण कराया जा रहा है। इसी क्रम में आवेदक रमेश पुत्र हरिराम गुप्ता ग्राम वरखेड़ीराम द्वारा कलेक्टर कन्याल के समक्ष जनसुनवाई में आवेदन प्रस्तुत किया था। कलेक्टर द्वारा प्रकरण को मोबाइल कोर्ट के माध्यम से कब्जा दिलवाये जाने निर्देश दिये गये थे। जिस पर राघौगढ़ एसडीएम अमित कुमार सोनी के मार्गदर्शन में तहसीलदार डॉ. उदय सिंह द्वारा ग्राम बरखेड़ी राम में स्थित सर्वे क्रमांक 278/11 रकवा 1.000 हेक्टर रमेश पुत्र हरिराम गुप्ता आदि की भूमि पर अनावेदक गण खुशी लाल पुत्र रामलाल इमरत लाल पुत्र खुशीलाल प्रेम सिंह पुत्र राम सिंह रामसिंह पुत्र रामलाल प्रजापति द्वारा कब्जा किया हुआ था जिसको मौके पर आवेदक एवं अनावेदक की उपस्थिति में समझाइस देकर एवं आवेदक को खेत की सीमाएं बता कर मौके पर ही कब्जा दिलाया गया। इस दौरान नायब तहसीलदार कमल सिंह कोली, राजस्व निरीक्षक लल्लू सिंह भील पटवारी कोमल सिंह भील कोटवार किशन जोगी की संयुक्त राजस्व टीम थी।

### विक्रम संवत 2083 के शुभारंभ पर 19 मार्च को सूर्य उपासना व सांस्कृतिक कार्यक्रम

**गुना ।** मध्यप्रदेश शासन, संस्कृति विभाग के निर्देशानुसार सृष्टि आरंभ दिवस, वर्ष प्रतिपदा, विक्रम सम्वत 2083 के शुभारंभ अवसर पर 19 मार्च को पूर्वान्ह प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों में सूर्य उपासना कार्यक्रम का आयोजन के निर्देश जारी किये गये है। उक्त आयोजन अंतर्गत पूर्व परम्परा से श्री महाकालेश्वर मंदिर, उज्जैन के शिखर पर समय-समय पर स्थापित किये जाने वाले ब्रम्हध्वज को जिले के प्रमुख मंदिरों एवं स्थलों पर स्थापित कर नाट्य प्रस्तुति ₹सम्राट क्रिमादित्य₹ का मंचन का आयोजन किया जायेगा।कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल द्वारा कार्यक्रम की समस्त गतिविधियों के सुचारू एवं सफल संचालन हेतु अभिषेक दुबे सीईओ को जिला नोडल अधिकारी नियुक्त किया है।

# अस्मिता बास्केटबॉल लीग महिला प्रतियोगिता का जिला न्यायाधीशों ने शुभारंभ किया

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

गुना में पहली बार आयोजित हो रही है 3x3 अस्मिता महिला बास्केटबॉल लीग प्रतियोगितासंजय स्टेडियम बास्केटबॉल मैदान पर दिनांक 13 से 15 मार्च 2026 तक आयोजित होने वाली अस्मिता बास्केटबॉल लीग प्रतियोगिता का उद्घाटन किया गया। जिसमें गुना सहित अशोक नगर ग्वालियर शिवपुरी की 18 टीम में हिस्सा ले रही है कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला न्यायाधीश सोनाली शर्मा, विशिष्ट अतिथि सचिव विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमति वंदना त्रिपाठी एवम अतिथि विधिक सहायता अधिकारी श्री सर्वेश चतुर्वेदी रहे। कार्यक्रम में सर्वप्रथम अतिथियों का स्वागत बुके और फूलमाला से किया गया इसके बाद प्रभारी खेल अधिकारी दुर्गेश सक्सेना ने प्रतियोगिता के बारे में जानकारी दी मुख्य अतिथि जिला न्यायाधीश श्रीमती सोनाली मैडम ने बच्चों को गुड टच बैड टच के बारे में बताया विशिष्ट अतिथि वंदना मैडम ने बच्चों को बताया कि खेलों से हमारा शारीरिक और मानसिक



विकास होता है अतिथि श्री सर्वेश चतुर्वेदी जी ने बच्चों को खेलों को जीवन में उतरने को कहा कि खेल में केवल जीत हार नहीं होती प्रयास करना जरूरी होता है इसके बाद अतिथियों द्वारा बास्केट में बाल डालकर प्रतियोगिता की औपचारिक शुरुआत की गई। प्रतियोगिता का प्रथम मैच डीसीसी गुना वर्सेज डीपीएस राघोगढ़ के मध्य खेला गया जिसमें डीसीसी गुना विजय रही।

इसके उपरांत डीबीए वारियर्स गुना वर्सेज डीपीएस राघोगढ़ बी टीम के मध्य मैच हुआ जिसमें डीबीए वारियर्स गुना विजेता रही।तीसरा मैच गुना एंजेल्स वर्सेज फोर स्टार के मध्य हुआ जिसमें फोर स्टार विजय रहीअगला मैच गुना बास्केटबॉल अकादमी सी एवं डीसीसी के मध्य मैच हुआ जिसमें गुना बास्केटबॉल अकादमी सी विजेता रही प्रतियोगिता में निर्णायकों की भूमिका राष्ट्रीय रेफरीयों सचिन सक्सेना, आर्यन शर्मा, राहुल अग्रवाल, शुभम गोड, रूपेश ग्वाल, योगेश जाटव कुणाल यादव, गोविंद सेन, दुर्गेश सक्सेना, जितेंद्र यादव, अब्दुल राशीद द्वारा निभाई जा रही है प्रतियोगिता के अन्य मैच कल शाम 4:00 बजे से खेले जाएंगे इस अवसर पर खेल विभाग से यश प्रधान, सुनीता कवंर, तौफीक खान, भूमिका चौहान, वीरू खटीक, गौरव प्रजापति उपस्थित रहे तथा मंच संचालन एकता सक्सेना द्वारा किया गया।

## अचानक सर्वर डाउन होने की समस्या से लोगों की परेशानी बढ़ी

# शहर में गहराया रसोई गैस संकट बुकिंग के बाद भी नहीं मिल रहे सिलेंडर




गुना। पहले बनाई सड़क और फिर हटा रही अतिक्रमण।



गुना। पहले बनाई सड़क और फिर हटा रही अतिक्रमण।

**खास बात**

- बाजार में भी गैस की कीमतों में अचानक भारी बढ़ोतरी देखी जा रही है।
- पहले जहां गैस 90-100 रुपये प्रति किलो मिलती थी, अब कीमत करीब 200 रुपये प्रति किलो तक पहुंच गई है।
- इससे खासकर किराए के मकानों में रहने वाले छोटे परिवार और छात्र
- सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं। कई उपभोक्ताओं ने बताया कि मोबाइल पर गैस कंपनी का मैसेज आने के बावजूद भी सिलेंडर नहीं मिल रहा है।
- शहरवासियों ने प्रशासन और गैस कंपनियों से तुरंत व्यवस्था सुधारने की मांग की है।

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

शहर में इन दिनों रसोई गैस का संकट लगातार गहराता जा रहा है। कॅमर्शियल सिलेंडर नहीं मिलने से कई होटल और ढाबों के सामने ताले लटकने की नौबत आ गई है, वहीं घरेलू उपभोक्ताओं को भी समय पर गैस सिलेंडर नहीं मिल पा रहा है। कई घरों में गैस खत्म होने के बाद लोग नए सिलेंडर का इंतजार कर रहे हैं और मजबूरी में कुछ परिवारों को फिर से देशी चूल्हों का सहारा लेना पड़ रहा है।शहर की गैस एजेंसियों पर रोजाना उपभोक्ताओं की भीड़ बढ़ती जा रही है। लोगों का कहना है कि ऑनलाइन बुकिंग की सुविधा भी सही ढंग से काम नहीं कर रही है। अचानक सर्वर डाउन होने के कारण सिलेंडर वितरण प्रभावित हो रहा है। कई उपभोक्ताओं ने चार–पांच दिन पहले ही बुकिंग करा ली थी, लेकिन अब तक उन्हें सिलेंडर नहीं मिल पाया है। एजेंसी के चक्कर काटने के बाद भी कर्मचारियों की ओर से सिर्फ यही जवाब मिल रहा है कि सर्वर बंद होने के कारण सिलेंडर नहीं दिया जा सकता।इधर बाजार में गैस के दामों में भी अचानक बढ़ोतरी देखी जा रही है। जिन दुकानों पर पहले 90 से 100 रुपये प्रति किलो के हिसाब से गैस रिफिल की जाती थी, वहीं अब कीमत बढ़कर करीब 200 रुपये प्रति किलो तक पहुंच गई है। इससे खासकर किराए के मकानों में रहने वाले छोटे परिवारों और छात्रों की मुश्किलें बढ़ गई हैं।सबसे बड़ा सवाल यह उठ रहा है कि जब गैस एजेंसियों पर उपभोक्ताओं को सिलेंडर नहीं मिल रहा, तो निजी दुकानदारों के पास गैस कहां से आ रही है। लोग आरोप लगा रहे हैं कि कुछ दुकानदार मौके का फायदा उठाकर महंगे दामों पर गैस बेच रहे हैं। शहरवासियों ने प्रशासन और संबंधित कंपनियों से गैस आपूर्ति व्यवस्था जल्द दुरुस्त करने की मांग की है, ताकि आम नागरिकों को रसोई चलाने के लिए परेशानी का सामना न करना पड़े।

## छात्रा जिला अस्पताल में भर्ती, परिजनों का आरोप युवक चाकू लेकर यहां भी पहुंचा

**पूर्व में दी गई प्रताड़ना के चलते किशोरी को लगी चोट अस्पताल में भर्ती हुई**



हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

पुरानी छावनी इलाके में एक मनचले युवक के आतंक से एक नाबालिग छात्रा और उसका परिवार भय के साए में जीने को मजबूर है। लगातार परेशान किए जाने और धमकियों के चलते छात्रा की हालत बिगड़ गई है और उसे गंभीर स्थिति में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पीड़ित परिवार का आरोप है कि कई बार शिकायत के बावजूद आरोपी के खिलाफ पुलिस ने अब तक ठोस कार्रवाई नहीं की है। पीड़ित छात्रा की मां बबली रजक, निवासी धोबी मोहल्ला पुरानी छावनी, ने बताया कि उनकी 15 वर्षीय बेटी कक्षा सातवीं में पढ़ती है और इन दिनों उसके स्कूल के पेपर चल रहे हैं।

इसी दौरान क्षेत्र का रहने वाला साजन कोरी काफी समय से छात्रा को रास्ते में और स्कूल के पास रोककर परेशान कर रहा था। लगातार तनाव और डर के कारण छात्रा की तबीयत खराब हो गई और कुछ दिन पहले वह घर की सीढ़ियों से गिर गई, जिससे उसके सिर में गंभीर चोट आई। इसके बाद उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। परिजनों का आरोप है कि इसी बीच आरोपी युवक अस्पताल भी पहुंच गया और वहां चाकू निकालकर हंगामा करने लगा। उसने छात्रा के माता-पिता और भाई के साथ मारपीट की तथा चाकू की नोक पर लड़की को उठाकर ले जाने की कोशिश की। किसी तरह परिजनों ने उसे रोका और कोतवाली थाने में शिकायत दर्ज कराई।

परिवार का कहना है कि इसके बाद भी आरोपी के हौसले कम नहीं हुए। रात करीब 11 बजे वह चार-पांच लोगों के साथ घर पहुंचा और गेट पर लात मारकर तोड़फोड़ की। इस दौरान उसने लड़की से जबरन शादी कराने की धमकी देते हुए परिवार को जान से मारने की बात कही। आरोपी ने छात्रा की मां के साथ भी मारपीट की। भय और तनाव के कारण छात्रा की हालत और बिगड़ गई है, वह अस्पताल में खून की उल्टियां कर रही है और ठीक से बोल भी नहीं पा रही है। पीड़ित परिवार ने प्रशासन से आरोपी के खिलाफ तत्काल सख्त कार्रवाई की मांग की है, ताकि उनकी बेटी को न्याय मिल सके और परिवार को इस डर के माहौल से राहत मिल सके।

# केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया का तीन दिवसीय भ्रमण कार्यक्रम आज से



हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

केन्द्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया दिनांक 14 मार्च से 16 मार्च तक गुना जिले के भ्रमण पर रहेंगे।

प्राप्त जानकारी अनुसार केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया दिनांक 14 मार्च को प्रातः 10:40 बजे डाइट भवन, बजरंगगढ़ (गुना) में जनसंपर्क एवं जनसमस्या निवारण शिविर में नागरिकों की समस्याएँ सुनेंगे। दोपहर 01:20 बजे केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया जलसा गार्डन गुना में आयोजित कार्यक्रम में दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण वितरित करेंगे। इसके पश्चात केन्द्रीय मंत्री सिंधिया दोपहर 3 बजे कोंतर आगमन पश्चात प्रधानमंत्री आवास का निरीक्षण तथा कोंटर (श्यामपुर) में 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र के लोकार्पण कार्यक्रम में भाग लेंगे।केन्द्रीय मंत्री सिंधिया शाम 5 बजे आरी, उमरी गाँव में आयोजित कार्यक्रम में 'समृद्ध ग्राम' की शुभारंभ करेंगे एवं आदिवासी सांस्कृतिक कार्यक्रम में भी केंद्रीय मंत्री सहभागिता करेंगे। साथ ही केंद्रीय मंत्री श्री सिंधिया कार्यक्रम में बमोरी विधानसभा क्षेत्र के लिए एमपी ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण की 10 सड़कों का भी लोकार्पण करेंगे। कार्यक्रम पश्चात केन्द्रीय मंत्री सिंधिया शाम 6:30 बजे से कलेक्ट्रेट में दिशा की बैठक की अध्यक्षता करेंगे एवं बैठक पश्चात पत्रकार वार्ता को संबोधित करेंगें। केन्द्रीय मंत्री सिंधिया दिनांक 15 मार्च को प्रातः 10:25 म्याना स्थित पंचायत विभाग के जिला प्रशिक्षण केंद्र, प्रातः 10:55 बजे सिविल अस्पताल का निरीक्षण करेंगे। इसके पश्चात प्रातः 11:15 बजे से म्याना के हायर सेकंडरी स्कूल में जनसमस्या निवारण शिविर में नागरिकों की समस्याओं का समाधान करेंगे।

शिविर पश्चात केन्द्रीय मंत्री सिंधिया दोपहर 02:00 बजे चंदेरी जिला अशोकनगर के लिये प्रस्थान करेगे। शाम 07:15 बजे गुना जिला चिकित्सालय का निरीक्षण कर नवनिर्मित क्रिटिकल केयर यूनिट का उद्घाटन करेंगे। साथ ही सिंधिया गुना रेलवे स्टेशन और सकतपुर में अमृत योजना के अंतर्गत बन रहे सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण एवं लोकार्पण करेंगे एवं कार्यक्रमों और जनसभाओं में भी सहभागिता करेंगे।प्रवास के अंतिम दिन दिनांक 16 मार्च को सुबह 11:40 बजे से केंद्रीय मंत्री श्री सिंधिया फुटवियर डिज़ाइन एंड डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट का दौरा करेंगे और विद्यार्थियों से संवाद करेंगे। कार्यक्रम पश्चात दोपहर 12:30 बजे जिला शिवपुरी के लिये प्रस्थान करेगें।

### केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह का भ्रमण कार्यक्रम

गुना। केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान दिनांक 15 मार्च को गुना जिले के भ्रमण पर आयेगे। प्राप्त जानकारी अनुसार केन्द्रीय मंत्री श्री चौहान दिनांक 15 मार्च को गुना में स्थानीय कार्यक्रम में भाग लेने पश्चात भोपाल के लिये प्रस्थान करेंगे।

## सफलता की कहानी: अंशिका के कदमों में लौटी मुस्कान

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

कुंभराज तहसील के ग्राम बदरवा में रहने वाले एक किसान परिवार की नन्ही अंशिका के जीवन में अब खुशियां लौट आई हैं। जन्म के समय उसके दोनों पैर मुड़े हुए थे, जिसे देखकर परिवार काफी चिंतित हो गया था। जिला चिकित्सालय की चिकित्सकीय टीम ने परिजनों को आश्वस्त करते हुए बच्ची को जिला शीघ्र हस्तक्षेप केन्द्र रेफर किया।यहां विशेषज्ञों की देखरेख में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत क्लब-फुट क्लिनिक में अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. वीरेंद्र धाकड़ ने बच्ची का उपचार किया। छह बार कास्टिंग के बाद टेनोटॉमी सर्जरी की गई और नियमित फॉलोअप के जरिए उपचार पूरा किया गया।अब अंशिका के पैर



पूरी तरह ठीक हो चुके हैं और वह सामान्य बच्चों की तरह चलने लगी है। अंशिका की मां ने भावुक होकर बताया कि शासकीय योजना के सहयोग से उनकी बेटी को नया जीवन मिला है। उन्होंने उपचार में सहयोग देने वाले सभी डॉक्टरों और स्वास्थ्यकर्मियों का आभार व्यक्त किया।

## 5 प्रतिष्ठानों पर प्रकरण दर्ज व शासकीय कार्य में व्यवधान करने पर एफआईआर दर्ज

# 13 घरेलू, एक व्यवसायिक गैस सिलेंडर जब्त किया

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशानुसार आम जनता को घरेलू गैस सिलेंडरों की उपलब्धता सुनिश्चित कराने, व्यवसायिक उपयोग रोकने हेतु जिला आपूर्ति अधिकारी अवधेश पाण्डेय के मार्गदर्शन में कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी, आशीष चतुर्वेदी, कनिष्ठ आपूति अधिकारी वर्षा बडोनिया, एवं कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी शिवराम सिंह कुशवाह के द्वारा गुरूवार को अग्रवाल स्वीट्स, जगदीश कॉलोनी गुना से 2 घरेलू गैस सिलेंडर व्यवसायिक उपयोग किये जाने से जप्त किये गये। साथ ही रोहित प्रो. स्टोर आरोन का निरीक्षण किया गया। जांच दौरान उनकी दुकान से 8 घरेलू गैस सिलेंडर, 1 कमर्शियल गैस सिलेंडर साथ ही आधा हॉर्स पावर की गैस रिफिलिंग पंप, पीतल एवं एल्यूमीनियम के कुल 6



रिफिलर नोजल मौके से जप्त किये गये। रोहित जैन द्वारा बताया गया कि रिफिलर एवं मोटर का उपयोग कर गैस रिफिलिंग का कार्य किया जाता है। गैस रिफिलिंग संबंधी लायसेंस न होने से उक्त सामग्री जप्त की गई। चांचौडा क्षेत्र अंतर्गत में मुस्कान एम मर्चेंट, बीनागंज से 01 सिलेंडर, बालाजी किराना स्टोर, नेशनल हाईवे से 01 सिलेंडर एवं बाबा महाकाल चाय कॉफीहाउस, बीनागंज से 01 सिलेंडर जप्त कर प्रकरण बनाया गया। इन दुकानों के संचालकों के विरूद्ध द्रवीकृत पेट्रोलियम गैस (प्रदाय एवं वितरण विनियमन) आदेश, 2000 के तहत प्रकरण बनाया गया, जो आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के तहत दण्डनीय अपराध है। कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी, चांचौडा, शिवराम सिंह कुशवाह को गैस सिलेंडर की जांच में व्यवधान डालने पर थाना चांचौडा में आशिक खान एवं आसिफ खान के खिलाफ शासकीय कार्य में व्यवधान डालने से एफआईआर दर्ज कराई गई। जांच दल में जिला आपूर्ति अधिकारी श्री अवधेश पाण्डेय के साथ कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी आशीष चतुर्वेदी, वर्षा बडोनिया, एवं शिवराम सिंह कुशवाह, सम्मिलित थे। घरेलू गैस सिलेंडर के दुरूपयोग के विरूद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा।

## मानसिक रूप से कमजोर चार लोगों को प्रशासन ने छुड़ाया

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

वरदान सेवा समिति ने जिला प्रशासन के सहयोग से म्याना थाना क्षेत्र के एबी रोड स्थित साजन होटल से तीन मानसिक रूप से बीमार व्यक्तियों को मुक्त कराया।वरदान सेवा समिति के संयोजक सामाजिक कार्यकर्ता प्रमोद भार्गव ने जिला प्रशासन को सूचना दी थी कि म्याना थाना अंतर्गत एबी रोड पर स्थित साजन होटल में मानसिक रूप से बीमार लोगों को पकड़कर उनसे काम कराया जा रहा है। प्रमोद भार्गव की सूचना पर जिला प्रशासन ने तुरंत कार्रवाई करते हुए टीम गठित की।श्रम विभाग के अधिकारी आशीष तिवारी के निर्देशन में श्रम विभाग से इंस्पेक्टर रामकुमार चौहड़ा, मयंक शर्मा, म्याना थाना पुलिस बल तथा सामाजिक कार्यकर्ता प्रमोद भार्गव की टीम मौके पर पहुंची। जांच के दौरान साजन होटल संचालक तोहिद खान के यहाँ से तीन व्यक्तियों को काम करते पाया गया, जिन्हें मुक्त कराया गया।मुक्त कराए गए तीनों व्यक्तियों को जिला अस्पताल ले जाकर डॉक्टर राजेंद्र भाटी द्वारा उनका मेडिकल परीक्षण कराया गया। मुक्त कराए गए लोगों में इकबाल खान (बिहार), अशोक राजपूत (जिला राजगढ़) और बिस्सू (डुगुरपुरा, जिला शामिल हैं।इसके बाद तीनों को आगे की देखभाल और पुनर्वास के लिए अपना घर आश्रम शिवपुरी भेजा जा रहा है।सामाजिक कार्यकर्ता प्रमोद भार्गव लगातार जिला प्रशासन के सहयोग से मानसिक रूप से बीमार लोगों को दबंगों के चंगुल से मुक्त कराने का कार्य कर रहे हैं। उनका कहना है कि मानसिक रूप से बीमार लोगों को भी सम्मान के साथ जीवन जीने का पूरा अधिकार है।

**समाचार संक्षेप**

## गुना रेलवे सुरक्षा बल बना देवदूत 15 वर्षीय बालक की बचाई जान

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

मानवता और कर्तव्यनिष्ठा का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करते हुए पश्चिम मध्य रेलवे मण्डल भोपाल के अंतर्गत पोस्ट गुना के रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के जवानों ने एक गंभीर रूप से बीमार बालक को समय पर अस्पताल पहुंचाकर उसकी जान बचाई।घटना दिनांक 11 मार्च 2026 की है। प्लेटफॉर्म ड्यूटी पर तैनात एएसआई विनोद कुमार निमेष, कांस्टेबल कमलेश कुमार मीना और कांस्टेबल संदीप सैनी उस समय मौजूद थे, जब सुबह लगभग 5:25 बजे गाड़ी संख्या 19802 दानापुर–सोगरिया एक्सप्रेस के आगमन के दौरान एक यात्री घबराया हुआ उनके पास दौड़कर पहुंचा। उसने अपना नाम विजय कुमार पाठक बताया और कहा कि वह अपने परिवार के साथ यात्रा कर रहे हैं तथा उनके साथ मौजूद 15 वर्षीय बालक युगवत्स (पुत्र अरविन्द मिश्रा) की अचानक तबीयत बहुत ज्यादा खराब हो गई है।यात्री के अनुसार वे पी ए न आ र 6200441333, कोच M/7 की सीट संख्या 73, 74, 76 और 79 पर यात्रा कर रहे थे। बालक की हालत बेहद गंभीर थी और उसे तुरंत चिकित्सा सहायता की आवश्यकता थी। सूचना मिलते ही आरपीएफ जवानों ने तत्काल ड्यूटी पर मौजूद डिप्टी स्टेशन अधीक्षक (Dy/SS) को एंबुलेंस के लिए सूचित किया, लेकिन एंबुलेंस आने में समय लगने की जानकारी मिली।बालक की गंभीर स्थिति को देखते हुए आरपीएफ के जवानों ने मानवता और तत्परता का परिचय देते हुए देर न करते हुए कांस्टेबल कमलेश कुमार मीना ने परिजनों के साथ मिलकर बालक को ऑटोरिक्शा के माध्यम से तुरंत जिला चिकित्सालय गुना के मेडिकल वार्ड में भर्ती कराया। समय पर उपचार मिलने से बालक की जान बच सकी।इस सराहनीय कार्य के लिए बालक के परिजनों ने रेलवे सुरक्षा बल के जवानों और रेलवे प्रशासन का आभार व्यक्त किया। स्थानीय लोगों ने भी आरपीएफ के इस मानवीय कार्य की सराहना की और कहा कि ऐसे कर्मठ और संवेदनशील पुलिसकर्मी समाज के लिए प्रेरणा हैं।



### 121 शालेय दिव्यांग बच्चों को सहायक उपकरण वितरित किए गए

**गुना।** राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल के निर्देशानुसार समग्र शिक्षा अभियान अंर्तगत कलेक्टर महोदय के मार्गदर्शन में शासकीय शालाओं में अध्ययनरत कक्षा एक से आठ तक के शालेय दिव्यांग बच्चों के लिए सहायक उपकरण वितरण शिविर का आयोजन जनपद शिक्षा केन्द्र गुना में किया गया। बी.ए.सी. मुकेश भट्ट द्वारा शिविर में आये दिव्यांग बच्चों एवं उनके अभिभावकों का स्वागत एवं शिविर के उद्देश्य के बारे में बताया। शिविर में 121 शालेय दिव्यांग बच्चो को सहायक उपकरण जिसमें 04 ट्राय साईकल, 24 व्हील चेयर, 04 रोलेटर, 04 सी.पी. चेयर, 60 टी.एल.एम.किट, 64 कान की मशीन, 01 ब्रेल किट, 08 एल्बो क्रच,06 ब्रेल किट का वितरण किया गया। एलिमको से अधिकृत सदस्यों में नीरज मौर्य जी ऑडियोलॉजिस्ट, दीपक कुमार जी द्वारा सहायक उपकरण के उपयोग एवं रखरखाव के बारे में बताया गया एवं लगा कर भी दिखाया। शिविर में साजिद मसूद कुरेशी सहायक परियोजना समन्वयक आई. ई. डी. द्वारा पंजीयन एवं उपकरण हेतु पात्र बच्चों की जानकारी ली गई ।

# शासकीय महाविद्यालय आरोन द्वारा गोद ग्राम अमोदा में आयोजित विशेष शिविर का समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭आरोन





शासकीय महाविद्यालय आरोन द्वारा गोद ग्राम अमोदा में आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के विशेष शिविर का सफलतापूर्वक समापन हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में क्रांतिवीर तात्या टोपे विश्वविद्यालय, गुना के कुलसचिव प्रोफेसर ए.के. मुद्गल उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य महोदय ने की।समापन समारोह में सभी स्वयंसेवकों ने उत्साह और अनुशासन के साथ सहभागिता की। कार्यक्रम के दौरान शिविर में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र एवं मेडल प्रदान किए गए। साथ ही विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। मुख्य अतिथि प्रोफेसर ए.के. मुद्गल ने अपने संक्षिप्त उद्बोधन में कहा कि एनएसएस विद्यार्थियों में सेवा भावना और सामाजिक जिम्मेदारी विकसित करने का महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने स्वयंसेवकों से शिविर में प्राप्त अनुभवों को अपने जीवन में अपनाने की प्रेरणा दी।प्राचार्य महोदय ने अपने संबोधन में कहा कि ऐसे शिविर विद्यार्थियों को समाज से जोड़ते हैं और उनमें नेतृत्व एवं सहयोग की भावना विकसित करते हैं। उन्होंने स्वयंसेवकों से समाज सेवा के इस क्रम को निरंतर बनाए रखने का आग्रह किया।कस्तूरबा कन्या महाविद्यालय, गुना से एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. पूनम पारीक ने स्वयंसेवकों को समाज के प्रति जागरूक और जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया।ग्राम अमोदा के सरपंच श्री अनिरुद्ध यादव ने स्वयंसेवकों की सराहना करते हुए कहा कि ग्रामवासियों से संवाद कर गांव की समस्याओं को समझना और उनके समाधान की दिशा में प्रयास करना अत्यंत आवश्यक है।कार्यक्रम में शासकीय महाविद्यालय आरोन से अंग्रेजी विभाग की डॉ. शीमा कुरैशी, गृह विज्ञान विभाग की मीना गुप्ता, राजनीति विज्ञान विभाग से सतीश मस्तकार, सोनल दीक्षित, प्रदीप कुमार जाटव, डॉ. लाखन सिंह, हरलाल रावत, राजाराम अहिरवार तथा सुनील सोनी सहित महाविद्यालय के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण की गरिमामयी उपस्थिति रही।कार्यक्रम का सफल आयोजन एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी पूजा शर्मा के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। शिविर के दौरान स्वयंसेवकों ने स्वच्छता, जनजागरूकता तथा ग्राम विकास से जुड़े विभिन्न कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी निभाई। कार्यक्रम का समापन समाज सेवा के संकल्प के साथ किया गया।

### लोक अदालत में छूट का लाभ उठाएं, अगले वर्ष बकाया संपत्तिकर राशि होगी दुगनी

**गुना ।** डिप्टी कलेक्टर एवं प्र. मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुश्री मंजुषा खत्री ने बताया की नगर पालिका के करों में लोक अदालत दिनांक 14 मार्च को अधिभार में शासन द्वारा छूट का लाभ दिया जा रहा है, जिसका लाभ शहर वासी उठाएं और अपने बकाया करों का अधितकम भुगतान करें। उन्होंने बताया कि शासन द्वारा वित्तीय वर्ष 25-26 की समाप्ति के पश्चात बकाया संपत्तिकर राशि में दुगना कर वसूला जाएगा। जिससे आम नागरिकों को आर्थिक हानि उठानी पड़ेगी। दिनांक 14 मार्च को लगने वाली लोक अदालत में अपने संपत्ति कर, जलकर आदि अधितकम जमा कर छूट का लाभ उठाएं एवं अपने संपत्ति कर व जलकर का भुगतान कर शासन द्वारा प्रदान की जा रही छूट का लाभ लें और आर्थिक नुकसान से बचें।

## आईटीओ के 16 छक्कों से दहला मैदान, अनूप चैंपियन बनी विजेता

▪ टैक्स बार एसोसिएशन स्पोर्ट्स लीग ▪





हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

गुना टैक्स बार एसोसिएशन द्वारा आयोजित तीन दिवसीय स्पोर्ट्स लीग 2026 का भव्य समापन गत दिवस हुआ। इस खेल प्रतियोगिता में शहर केख्यातनाम अधिवक्ताओं, टैक्स कंसल्टेंट्स और चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ने कोर्ट और दफ्तर की व्यस्तता छोड़ मैदान पर जमकर पसीना बहाया।क्रिकेट फाइनल, मीणा की ऐतिहासिक बल्लेबाजीटूर्नामेंट का सबसे यादगार और रोमांचक पल क्रिकेट का फाइनल मुकाबला रहा। अनूप चैंपियन और संजय सुपर किंग्स के बीच खेले गए इस मैच में आईटीओ केआर. मीणा ने अपनी आतिशी बल्लेबाजी से इतिहास रच दिया। अनूप चैंपियन की ओर से खेलते हुए उन्होंने मैदान के चारों ओर रनों की बौछार कर दी। मीणा ने अपनी तूफानी पारी में महज कुछ ही गेंदों पर 16 गगनचुंबी छक्के और 2 चौके जड़ते हुए 125 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। उनकी इस पारी की बदौलत अनूप चैंपियन ने 28 रनों से खिताबी जीत दर्ज की।इंडोर गेम्स में भी दिखा उत्साहक्रिकेट के अलावा इंडोर गेम्स में भी कड़ा मुकाबला हुआ। बैडमिंटन में शुभम जैन ने हर्ष तिखे को हराकर खिताब जीता, वहीं लूडो में अनिल सराफ और साँप-सीढ़ी में शंभु नाथ तिवारी विजेता रहे। समापन अवसर पर एसोसिएशन के अध्यक्ष अमित सोगानी, सचिव सीए दिनेश नेमा और कोषाध्यक्ष राकेश जैन ने विजेताओं को पुरस्कृत किया। आयोजन को सफल बनाने में मनीष पराशर, मनीष तिवारी, हरिओम शर्मा और गौरव अग्रवाल का विशेष योगदान रहा।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बीनागंज में किया एचपीवी वैक्सीन टीकाकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭चांचौड़ा

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बीनागंज में एचपीवी वैक्सीन टीकाकरण किया गया। अनुविभागीय अधिकारी चाचौड़ा रवि मालवीय के द्वारा एचपीवी टीकाकरण के प्रमाण पत्र वितरण किए । श्री मालवीय द्वारा बीएमओ की उपस्थिति में टीकाकरण हेतु उपस्थित बालिकाओं से HPV संबंधी चर्चा कर उन्हें जा ग रू क किया टीकाकरण पश्चात बीएमओ, बीईओ, बीआरसी की उपस्थिति में शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय बीनागंज में अनुभाग के समस्त जनशिक्षकों की बैठक आयोजित की गई ! सभी उपस्थित शिक्षकों को HPV टीकाकरण हेतु पात्र बालिकाओं की सहभागिता बढ़ाने हेतु पालक-शिक्षक संघ की बैठक आहुत कर ,उनके माता-पिता को समझाइश देकर एचपीवी के बारे में जागरूक करने हेतु निर्देशित किया।





# चांचौड़ा तालाब का होगा सौंदर्यकरण, पर्यटन सुविधाएं बढ़ाने की दिशा में प्रशासन सक्रिय

हरिभूमि न्यूज ⏭चांचौड़ा



क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से चाचौड़ा तालाब के सौंदर्यकरण एवं पर्यटकों के लिए आवश्यक सुविधाओं के विकास की दिशा में प्रशासन द्वारा पहल शुरू कर दी गई है। इसी क्रम में अनुविभागीय अधिकारी रवि मालवीय, एसडीओ सिंचाई विभाग, नगरपालिका अधिकारी एवं इंजीनियरों की टीम ने चाचौड़ा तालाब क्षेत्र का संयुक्त भ्रमण कर संभावित विकास कार्यों का निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान अधिकारियों की टीम ने पर्यटन को गति देने के उद्देश्य से कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर चर्चा कर निर्णय लिए। इनमें तालाब की पाल (पार) पर पेबल युक्त पाथवे निर्माण, बाउंड्री एवं रेलिंग निर्माण, स्ट्रीट लाइट द्वारा प्रकाश व्यवस्था, तथा तालाब के मध्य स्थित टापुओं पर चाचौड़ा के ऐतिहासिक स्मारकों की प्रतिकृति एवं पार्क निर्माण जैसे कार्य शामिल हैं।इसके अलावा तालाब क्षेत्र को अतिक्रमण मुक्त करने, तालाब की पार की सफाई एवं रेस्टोरेशन, तालाब की सीमा निर्धारण, वेस्ट वेयर की सफाई तथा तालाब की गहराई का लेवल मेंटेनेंस जैसे कार्य भी किए जाएंगे ताकि तालाब का स्वरूप आकर्षक और व्यवस्थित बनाया जा सके।प्रशासन का मानना है कि इन व्यवस्थाओं के पूर्ण होने के बाद चंपावती किला, बागेश्वर धाम मंदिर और चाचौड़ा तालाब मिलकर एक समग्र पर्यटक परिसर के रूप में विकसित होंगे, जिससे क्षेत्र में पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा और स्थानीय लोगों को भी रोजगार के नए अवसर प्राप्त होंगे।

# अहिरवार समाज संघ की पहल, दिवंगतों के सम्मान हेतु निःशुल्क सेवा प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭शाढौरा





अहिरवार समाज संघ, जिला अशोकनगर द्वारा शाढ़ौरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आने वाले क्षेत्रवासियों के लिए पोस्टमार्टम उपरांत शव पैकिंग में लगने वाली सामग्री निःशुल्क उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया था। संघ के सदस्यों के सहयोग से पोस्टमार्टम किट सामग्री उपलब्ध होने के बाद इस सेवा को और व्यापक बनाने का निर्णय लिया गया।

संघ द्वारा विचार-विमर्श करने के पश्चात यह तय किया गया कि लावारिस शवों का सम्मानपूर्वक अंतिम संस्कार तथा पोस्टमार्टम उपरांत दिवंगत व्यक्तियों के शव को उनके निवास स्थान तक सम्मानपूर्वक पहुंचाने की निःशुल्क व्यवस्था भी प्रारंभ की जाएगी। अहिरवार समाज संघ की इस मानवीय पहल एवं सेवाभावी का नगर के सभी धर्म, सभी वर्ग एवं सभी समुदाय के लोगों ने स्वागत किया और इस पुनीत कार्य में अपना सहयोग देने की इच्छा व्यक्त की। यह सेवा कार्य सर्व समाज के समाजसेवियों के आर्थिक सहयोग से संचालित कि जाएगी। यह सेवा दिनांक 10 मार्च से प्रारंभ की गई है। सेवा के दूसरे ही दिन 11 मार्च को सुरेश अहिरवार, निवासी बलदाई के निधन के उपरांत पोस्टमार्टम के बाद दिवंगत शरीर को सम्मानपूर्वक उनके निवास स्थान तक पहुंचाने की व्यवस्था इस सेवा के माध्यम से की गई। पूर्व जिला अध्यक्ष अहिरवार समाज संघ के रवि मोहने एवं अहिरवार समाज संघ के राजनीतिक विभाग के जिला अध्यक्ष चिमन सिंह अहिरवार एवं अन्य साथियों ने बताया कि यह पुनीत सेवा का कार्य समाजजानो के सहयोग से निरंतर संचालित होता रहेगा, जिससे दिवंगत व्यक्तियों को सम्मानपूर्वक अंतिम विदाई दी जा सके।



## धूमधाम के साथ मनाया गया भगवान आदिनाथ की जन्म जयंती

**मुंगावली।** जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर भगवान आदिनाथ की जन्म जयंती बड़े ही धूमधाम के साथ मनाई गई जिसमें बड़ी संख्या में जैन श्रद्धालु शामिल हुए सुबह से मंदिरों में भीड़ जुड़ना शुरू हो गई। वही सभी जिनालयों में भगवान की पालकी बनाई गई ओर श्रद्धालुओं ने भगवान को पालना झुलाया। सर्वप्रथम प्रभु का अभिषेक, शांतिधारा की क्रियाएं हुई वही इसके बाद स्टेशन रोड स्थित श्री चंद्र प्रभु जिनालय पर भक्तांबर विधान का आयोजन किया गया। इसके अलावा नगर के आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर गली वाले में संगीतमय विधान का आयोजन किया साथ ही रात्रि में महा आरती ओर 48 दीपों से भक्तांबर पाठ का आयोजन किया गया,जिसमें बड़ी संख्या में जैन श्रद्धालु शामिल हुए। वहीं श्री दिगंबर जैन महिला महासमिति संभाग द्वारा प्रतिवर्ष की भांति श्री आदिनाथ जयंती से श्री महावीर जयंती तक घर-घर मंगलाचार की श्रृंखला प्रारंभ की गई जो जिसमें प्रथम दिन मंगल गान करने का सौभाग्य मध्यांचल की कार्य अध्यक्ष एवं मुंगावली संभाग की पूर्व अध्यक्ष अल्पना सराफ को प्राप्त हुआ समिति की सभी बहनों ने इस पर्व को बहुत ही धूमधाम से मनाया,रंगोली बनाकर शोभायात्रा निकाल कर पालना झुलाकर भक्ति नृत्य के साथ भजन गाये गये।

## प्रस्फुटन समितियों के प्रशिक्षण में पहुंचे प्रदेश उपाध्यक्ष, विकास कार्यों पर दिया मार्गदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर



मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के तत्वावधान में सेक्टर क्रमांक-01 पुरानी कचहरी प्रांगण, ईसागढ़ (जिला अशोकनगर) में ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों का क्षमतावर्धन प्रशिक्षण आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मोहन नागर (प्रदेश उपाध्यक्ष, जन अभियान परिषद एवं राज्य मंत्री दर्जा) रहे। उन्होंने उपस्थित प्रस्फुटन समितियों के पदाधिकारियों, नवांकुर सखियों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए ग्राम विकास में समितियों की महत्वपूर्ण भूमिका पर मार्गदर्शन दिया। उन्होंने कहा कि ग्राम स्तर पर जनभागीदारी से ही विकास कार्यों को गति मिलती है और समितियों को समाज में जागरूकता लाने के लिए सक्रिय रूप से कार्य करना चाहिए।

प्रशिक्षण के दौरान जैविक खेती, संस्कार केंद्र, हर घर तुलसी, हर घर गाय, आदर्श ग्राम, नर्सरी, पौधारोपण तथा पोषण वाटिका जैसी गतिविधियों के संचालन की जानकारी दी गई। साथ ही शासन से प्राप्त राशि का सही समय पर उपयोग करने और सभी गतिविधियों का विवरण रजिस्टर में दर्ज करने के निर्देश भी दिए गए। एप में गतिविधियों, बैठकों और अभियानों की मासिक, त्रैमासिक एवं वार्षिक रिपोर्ट अपलोड करने की प्रक्रिया भी समझाई गई।

नवांकुर संस्था जन जागृति समिति ईसागढ़ के संस्था प्रमुख पवन केवट के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण संपन्न हुआ। कार्यक्रम में परामर्शदाता ऋषि ओझा, रवि केवट एवं नारायण वैरागी ने आगामी जल गंगा संवर्धन अभियान को लेकर भी विस्तृत चर्चा की। कार्यक्रम में जिला समन्वयक बद्री प्रसाद चैहान, विकासखंड समन्वयक द्वारका प्रसाद पाठक उपस्थित रहे। साथ ही कार्यक्रम का संचालन विपिन रघुवंशी (अध्यक्ष, रघुकुल सेवा समिति) द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि मोहन नगर द्वारा सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ति प्रमाण पत्र वितरित कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर केशव जोशी, महादेव यादव, मनोज शर्मा, सीताराम कुशवाह, परामर्शदाता कृष्णा यादव सहित अन्य सामाजिक कार्यकर्ता, समितियों के पदाधिकारी, नवांकुर सखियां तथा सीएमसीएलडीपी के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### कॉलेज विद्यार्थियों को पुस्तकों व स्टेशनरी का वितरण किया

**ईसागढ़।** शासकीय महाविद्यालय ईसागढ़ में अध्ययनरत अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के छात्र-छात्राओं को मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग द्वारा प्रदत्त निःशुल्क पाठ्यपुस्तकें एवं स्टेशनरी सामग्री का वितरण किया जा रहा है। इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों को अध्ययन हेतु आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराकर उन्हें शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करना है। महाविद्यालय में आयोजित इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों को पुस्तकों एवं स्टेशनरी सामग्री वितरित की गई। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य अमित भार्गव ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि शासन द्वारा संचालित इस प्रकार की योजनाएँ विद्यार्थियों के शैक्षणिक विकास में सहायक होती हैं तथा उन्हें नियमित अध्ययन के लिए प्रेरित करती हैं। कार्यक्रम के दौरान पुस्तकालय अध्यक्ष जयदीप कुमार रैकवार ने भी विद्यार्थियों को पुस्तकों के महत्व के बारे में जानकारी दी और उन्हें अध्ययन में निरंतरता बनाए रखने के लिए प्रेरित किया।

## ग्रीष्म कालीन मौसम को देखते हुए जिला जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर



कलेक्टर साकेत मालवीय की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में कलेक्टर साकेत मालवीय ने निर्देश दिये कि ग्रीष्मकाल में पेयजल व्यवस्था सुदृढ़ हो यह सुनिश्चित किया जाए। पेयजल की समस्याओं के निराकरण हेतु कंट्रोल रूम नियमित रूप से संचालित किए जाएं। साथ ही खराब हैंडपंपों का सुधार कार्य अभियान चलाकर कराया जाएं। नलजल योजनाएं चालू रहे इस सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग द्वारा ग्रीष्मकाल में पेयजल की आपूर्ति हेतु आवश्यक तैयारियां समय से पूर्ण की जाएं। शासन स्तर से प्राप्त होने वाली सामग्री एवं पाइपलाइन समय से प्राप्त की जाए। शासन द्वारा जिले को दिए गए नवीन नलकूप खनन का कार्य समय से कराया जाएं। ग्राम पंचायतवार पेयजल स्त्रोतों की जानकारी तैयार कर जनप्रतिनिधियों को उपलब्ध कराई जाए। जनप्रतिनिधियों से प्राप्त पेयजल संबंधी सुझाव पर शीघ्र अमल किया जाए।

बैठक में ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में पेयजल सप्लाई व्यवस्था की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए गए। साथ ही स्कूलों, छात्रवासों में पानी की टंकियों में क्लोरीनेशन कराए जाने, नगरीय क्षेत्रों में नियमित रूप से पानी की टंकियों में वॉटर टेस्टिंग कराये जाने के निर्देश दिए गए। जल जीवन मिशन के अंतर्गत नल जल योजनाओं की प्रगति की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में मुंगावली विधायक बृजेन्द्र सिंह यादव,चंदेरी विधायक जगन्नाथ सिंह रघुवंशी, अशोकनगर विधायक हरीबाबू राय, जिला पंचायत अध्यक्ष अजय प्रताप सिंह यादव, सांसद प्रतिनिधि संजीव भारिल्य, हरीसिंह रघुवंशी, समिति के शासकीय एवं अशासकीय सदस्य तथा संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

**मुख्य अतिथि होंगे केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया**

# चंदेरी में 'बैजू बावरा समारोह' का आगाज 17 से

हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर

मध्यप्रदेश शासन, संस्कृति विभाग, उस्ताद अलाउद्दीन खाँ संगीत एवं कला अकादमी द्वारा जिला प्रशासन अशोकनगर के सहयोग से प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी महान संगीतज्ञ बैजू बावरा की स्मृति में बैजू बावरा समारोह का आयोजन मेला ग्राउण्ड चंदेरी में किया गया है। 15 मार्च से 17 मार्च तक आयोजित होने वाले इस समारोह में शास्त्रीय संगीत, नृत्य एवं लोक संस्कृति की उत्कृष्ट प्रस्तुतियों का आस्वादन सुधिजन कर सकेंगे।उस्ताद अलाउद्दीन खाँ संगीत एवं कला अकादमी के निदेशक प्रकाश सिंह ठाकुर ने बताया कि महान संगीतज्ञ बैजू बावरा को आदरांजलि स्वरूप यह प्रतिष्ठापूर्ण समारोह आयोजित किया जा रहा है। इस तीन दिवसीय समारोह के प्रथम दिवस 15 मार्च को सायं 5 बजे से शुभारंभ पश्चात सर्वप्रथम अकादमी के प्रतिष्ठित मध्यप्रदेश राज्य रूपंकर कला पुरस्कार का अलंकरण समारोह आयोजित होगा। इसमें दो पुरस्कार मूर्तिकला एवं आठ पुरस्कार चित्रकला विधा के लिए प्रदान किये जाएंगे, जिसमें दत्तात्रय दामोदर देवलालीकर पुरस्कार, रघुनाथ कृष्णराव फड़के पुरस्कार, नारायण श्रीधर बेन्द्रे पुरस्कार, मुकुन्द सखाराम भाण्ड पुरस्कार, देवकृष्ण जटाशंकर जोशी पुरस्कार, जगदीश स्वामीनाथन पुरस्कार, सैय्यद हैदर रजा पुरस्कार, लक्ष्मीसिंह राजपूत पुरस्कार, राममनोहर सिन्हा पुरस्कार एवं विष्णु चिंचालकर पुरस्कार सम्मिलित हैं। इस अवसर पर मुख्य अतिथि केन्द्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया उपस्थित रहेंगे। विशेष अतिथि संस्कृति मंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी रहेंगे। अलंकरण समारोह के साथ ही रूपंकर कला पुरस्कार के लिए आमंत्रित कलाकृतियों में से 80 कलाकृतियों की प्रदर्शनी का आयोजन भी किया जा रहा है। साथ ही मध्यप्रदेश संस्कृति विभाग के ललित कला महाविद्यालयों के छात्र-छात्राएं तीनों दिवस चंदेरी के विभिन्न स्थलों का सजीव चित्रांकन भी करेंगे। प्रथम दिवस अलंकरण समारोह पश्चात पूर्वरंग के अंतर्गत सुश्री दीपिका पुरोहित, भोपाल का पारम्परिक बुंदेली भजन गायन होगा। इसके बाद सुविख्यात भजन गायक पद्मश्री श्री अनूप जलोटा एवं साथी, मुम्बई का सूफी एवं भजन गायन होगा। समारोह के द्वितीय दिवस 16 मार्च को सायं 7 बजे से अफजल हुसैन, भोपाल का ध्रुपद गायन होगा। इसके बाद डॉ. निखिल बड़ोदिया, इंदौर की सितार वादन की सभा सजेगी। तत्पश्चात संघमित्रा तायवाड़े, भोपाल द्वारा कथक समूह नृत्य की प्रस्तुति होगी। अंत में बलवंत पुराणिक, भोपाल का कांच वाद्य वादन होगा। अंतिम दिवस 17 मार्च को सायं 7 बजे से सर्वप्रथम उल्हास तैलंग, भोपाल की गायन सभा सजेगी।

### हुनर में पारम्परिक शिल्पों की कार्यशाला सह विक्रय

प्रकाश सिंह ठाकुर ने बताया कि समारोह को बहुविध कला उत्सव का स्वरूप प्रदान करने के उद्देश्य से 'हुनर' कार्यशाला सह विक्रय के 10 स्टॉल भी लगाये जा रहे हैं। जहां पारम्परिक शिल्पकला के कलाकार शिल्पों का प्रदर्शन करेंगे। साथ ही अशोकनगर जिले के एक जिला एक उत्पाद के 10 स्टॉल एवं पारम्परिक व्यंजनों के उत्सव का आयोजन भी किया जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### अज्ञात चोर मोटर की केबिल चोरी कर ले गए

**अशोकनगर।** जिले के मुंगावली थाने के अंतर्गत ग्राम कांकर निवासी चंदन सिंह यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि कैथन नदी के पास ग्राम से कोई अज्ञात चोर विधुत मोटर की सवा सौ फुट केविल चोरी कर ले गया। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

### अज्ञात बीमारी के चलते ग्रामीण की मौत

**अशोकनगर।** जिले के चंदेरी थाने के अंतर्गत ग्राम पचलाना के कुए के पास खेत में महीप सिंह पुत्र दुर्गा सिंह लोधी उम्र 55 साल ग्राम पचलाना की अज्ञात कारणों के चलते मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है मामले की जांच की जा रही है।

### महिला ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

**अशोकनगर।** जिले के चंदेरी थाने के अंतर्गत रपतेरा निवासी सुमित्रा पत्नि रतना आदिवासी ने अज्ञात कारणों के चलते अपने ही घर मे फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है मामले की जांच की जा रही है।

### त्वरित कार्रवाई से चंद घंटे में मिली अबोध बालिका

**अशोकनगर।** अशोकनगर पुलिस के परहित सहायता दस्ता चीता मोटरसाइकिल पार्टी क्रमांक 02 व 03 ड्यूटी में लगे स्टाफ द्वारा तत्परतापूर्वक दीक्षा शिशु ग्रह आदर्श स्कूल के पास महात्मा बाड़ा के पीछे से गई अबोध बालिका का चंद घंटों में पता लगाकर दीक्षा शिशु ग्रह में सुपुर्द किया। उल्लेखनीय है कि शुक्रवार की सुबह कंट्रोल रूम अशोकनगर को सूचना प्राप्त हुई कि दीक्षा शिशु गृह आदर्श स्कूल के पास महात्मा बाड़ा के पीछे से एक अबोध बालिका बिना बताए कहीं चली गई है, उपरोक्त सूचना को पुलिस कंट्रोल रूम अशोक नगर द्वारा वायरलेस पर प्रसारित किया गया,उक्त सूचना की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस अधीक्षक अशोकनगर द्वारा कंट्रोल रूम अशोक नगर को अबोध बालिका की शीघ्रातिशीघ्र तलाश हेतु निर्देशित किया गया। इसके पालन में सूचना को वायरलेस सेट पर प्रसारित किया गया जिस पर त्वरित कार्यवाही करते हुए पुलिस का परहित सहायता दस्ता चीता मोटरसाइकिल पार्टी क्रमांक 02 में तैनात आर. महेश बघेल व 03 में ड्यूटी में तैनात आर. पुष्पेंद्र जाट द्वारा कस्बे में संभावित स्थानों पर सीसीटीवी कंट्रोल रूम की मदद से अबोध बालिका की तलाश की जो अबोध बालिका पुराना आरटीओ ऑफिस के पास, नेहरू डिग्री कॉलेज के पीछे मिली, जिसे दीक्षा शिशु ग्रह सुपुर्द किया गया। कार्यवाही में सराहनीय भूमिका पुलिस के परहित सहायता दस्ता चीता मोटरसाइकिल पार्टी क्रमांक 02 में तैनात आर. महेश बघेल व 03 में ड्यूटी में तैनात आर. पुष्पेंद्र जाट व सीसीटीवी कंट्रोल से आर. धर्मेंद्र शिवहरे की रही।

### सीपीसीटी परीक्षा हेतु पंजीयन प्रारंभ

**अशोकनगर।** मध्यप्रदेश शासन के विभागों मे निकलने वाली प्रतियोगिता परीक्षाओं मे विभिन्न पदों के लिए कंप्युटर डिप्लोमा के साथ साथ सीपीसीटी परीक्षा पास करना अनिवार्य किया गया है। इस हेतु एमपीएसईडीसी के माध्यम से कलेक्टर कार्यालय में स्थित ई-दक्ष केंद्र अशोकनगर में सीपीसीटी परीक्षा हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है, जिसमे अभ्यर्थी अपना पंजीयन करवा सकते हैं। प्रशिक्षण की अवधि 45 घंटे रहेगी जिसमे अभ्यर्थी को टायपिंग परीक्षा के साथ साथ कंप्यूटर परीक्षा की भी तैयारी करवाई जायेगी, जिसका प्रशिक्षण शुल्क एक हजार रुपये रहेगा।

### नवीनीकरण हेतु आवेदन 15 मार्च तक

**अशोकनगर।** एमपी टास पोर्टल पर अनुसूचित जाति पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति, प्री मैट्रिक छात्रवृत्ति योजनांतर्गत शैक्षणिक वर्ष 2022-23, 2023-24 एवं 2024-25 के नवीन एवं नवीनीकरण हेतु आवेदन 15 मार्च 2026 तक कर सकते है। अनुसूचित जाति वर्ग के विद्यार्थियों द्वारा अपना समय-सीमा में अपना छात्रवृत्ति आवेदन ऑनलाईन करें। यह पोर्टल 15 मार्च 2026 से बंद किया जा रहा है।

---

20% की वृद्धि निर्धारित मांगी थी, जिसकी तुलना में 30.91 % वृद्धि के साथ दुकानों की हुई नीलामी

# नई आबकारी नीति के बाद 9 समूह में से 5 की दुकानों के ठेके ई टेंडर से हुए नीलाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

नई आवकारी नीति प्रदेश में लागू होने के बाद जिले में कम्पोजिट 33 दुकानों की नीलामी के लिए ई टेंडर डाले गए, अब तक जिले के 9 समूहों में बटी इन 33 दुकानों में से 5 समूह के ई टेंडर हो चुके हैं। इन 5 समूह की दुकानों के वर्ष 2026-27 के लिए विभाग ने निर्धारित मूल्य 20 प्रतिशत के हिसाब से तय किया था जिसके बाद शासन को 30.91 प्रतिशत वृद्धि मिली है। अभी 4 समूहों के ठेके नीलाम होना शेष है।

अशोकनगर जिले में 33 देशी-विदेशी मदिरा की कंपोजिट दुकाने हैं, इन दुकानों के लिए पिछले कईं वर्षों से शासन द्वारा 20 प्रतिशत वृद्धि कर उन्हीं ठेकेदारों को यह दुकाने सौंप दी जाती थीं लेकिन इस बार नई आवकारी नीति आने के बाद न तो प्रदेश में कोई नई दुकानें खोली गई हैं और जो वृद्धि का प्रस्ताव हर बार तैयार किया जाता था उसमें भी बदलाव किया गया। अब ई प्रक्रिया के माध्यम से आवेदन बुलाए गए जिसके बाद अशोकनगर जिले के 9 समूहों में बटी इन दुकानों के लिए ई नीलामी हो चुकी है, शेष 4 समूहों की 12 दुकानों की नीलामी होना शेष है अब तक 21 दुकानों की नीलामी हो चुकी है।








### 4 समूहों की ई नीलामी आज खुलेगी

जिला आवकारी अधिकारी जीपी केवट ने बताया कि 4 समूहों की ई नीलामी शनिवार को होना है जिनमें समूह क्रमांक 2 के अंतर्गत मुंगावली 1, मुंगावली 2 और मल्हारगढ की दुकानें हैं। इनका निर्धारित मूल्य 21 करोड 32 लाख 75 हजार 280 रूपए है, देखना इस समूह को नए ई नीलामी में कितनी राशि मिलती है। इसी प्रकार समूह क्रमांक 3 में चंदेरी 1, प्राणपुर और राजघाट की दुकानें है। इसका निर्धारित मूल्य 16 करोड 18 लाख 96 हजार 543 है। इसी प्रकार समूह क्रमांक 8 में बहादुरपुर और घाट बमुरिया की दुकानें हैं, निर्धारित मूल्य 10 करोड 33 लाख 69 हजार 962 है। जबकि समूह क्रमांक 9 में चंदेरी 2, और गोराकला की दुकानें शामिल हैं। जिनका निर्धारित मूल्य 8 करोड 92 लाख 23 हजार 49 रूपए तय किया है। इन दुकानों की ई नीलामी का इंतजार है, अगर यह दुकानें निर्धारित मूल्य 56 करोड 77 लाख 74 हजार 334 से अधिक जाती हैं तो शासन को अभी तक 165 करोड 42 लाख 74 हजार 172 रूपए की राशि मिल चुकी है, इन चार समूहों की शेष दुकानों की नीलामी के बाद देखना है कि 20 प्रतिशत वृद्धि के आंकड़े से कितनी अधिक राजस्व की प्राप्ति आवकारी विभाग को होती है। यह टेंडर 14 मार्च को दोपहर 4 बजकर 5 मिनट पर खोले जाएगें।

### इन पांच समूहों की नीलामी में कई नए ठेकेदार भी सामने आए

जिले में अब तक 5 समूहों की नीलामी हुई है, समूह क्रमांक एक में 5 दुकानें हैं जिनमें अशोकनगर 1, अशोकनगर 2, नया बस स्टेण्ड, मोहरी राय, इमला की दुकानें शामिल हैं। इनका निर्धारित मूल्य 64 करोड 17 लाख 71 हजार 99 रूपए निर्धारित किया गया था। ई नीलामी के बाद 64 करोड 18 लाख 88 हजार 888 रूपए में समूह गया है।



रामकुमार रघुवंशी के नाम यह समूह की दुकानें गई हैं। समूह क्रमांक 4 में ईसागढ 1 ,ईसागढ 2, कदवाया, पारसोल, ढाकोनी की दुकानें शामिल हैं। यह दुकानें 19 करोड 22 लाख 11 हजार 111 में ई नीलामी में गई हैं। जबकि इनका निर्धारित मूल्य विभाग ने 16 करोड 46 लाख 82 हजार 257 रूपए निर्धारित किया था। यह नीलामी रामकुमार रघुवंशी के नाम गई है। इसी प्रकार समूह क्रमांक 5 में 4 दुकानें शामिल हैं जिनमें सेहराई, तारई ,पिपरई और सावन-भादौन शामिल। ई नीलामी 25 करोड 29 लाख 99 हजार 999 रूपए में गई है। जिसका निर्धारित मूल्य विभाग ने 22 करोड 49 लाख 74 हजार 334 रूपए तय किया था। यह ई नीलामी प्रियंका राय के नाम रही है। समूह क्रमांक 6 में बंगला चैराहा, अथाईखेडा, राजपुर, कचनार, सेमराहाट की 5 दुकानों के लिए ई नीलामी 21 करोड 83 लाख 63 हजार 63 रूपए में गई है। यहां का निर्धारित मूल्य 18 करोड 79 लाख 14 हजार 23 रूपए तय किया गया था, यह ई नीलामी घनश्याम राठौर के नाम से हुई है। समूह क्रमांक 7 में 4 दुकानें शामिल है जिनमें शाढ़ौरा, झीला, नईसरायं, और महिदपुर की दुकान शामिल है। यह ई नीलामी 34 करोड 88 लाख 11 हजार 111 रूपए में गई है जबकि इसका निर्धारित मूल्य विभाग ने 29 करोड 70 लाख 85 हजार 768 रूपए तय किया था। यह ई नीलामी रामकुमार रघुवंशी के नाम गई है।

### 5 समूहों की दुकानों की नीलामी से 30.91 प्रतिशत की अधिक आय हुई

वर्ष 2024-25 अशोकनगर जिले में आवकारी दुकानों से शासन को 144 करोड 73 लाख 62 हजार 467 रूपए का राजस्व प्राप्त हुआ था। 2025-26 में 20 प्रतिशत वृद्धि के बाद शासन को 173 करोड 68 लाख 34 हजार 974 रूपए की राशि प्राप्त हुई थी। इस बार 20 प्रतिशत वृद्धि के साथ ठेके जाने की प्रक्रिया के अंतर्गत निर्धारित मूल्य 208 करोड 42 लाख 1 हजार 982 रूपए की आय होना माना गया था। लेकिन अभी तक जिले में 21 दुकानों की नीलामी 5 समूहों में होने के बाद 20 प्रतिशत वृद्धि के स्थान पर 30.91 प्रतिशत वृद्धि मिली है जो 10.91 प्रतिशत अधिक है। जिला आवकारी अधिकारी जीपी केवट ने बताया कि शासन को इससे 10 करोड से अधिक का लाभ हुआ है।

### अशोकनगर शहर के समूह क्रमांक 1 में ई नीलामी में कम आय

आबकारी दुकानों की बात करें तो अशोकनगर समूह क्रमांक 1 में जो दुकानें हैं उन दुकानों की नीलामी निर्धारित मूल्य के लगभग नजदीक है, जबकि विभाग को समूह क्रमांक 4, समूह क्रमांक 5 और समूह क्रमांक 6 और 7 से अच्छी आय ई नीलामी के बाद होगी। अगर यह शेष 4 समूहों की दुकानें भी निर्धारित मूल्य से अधिक पर पहुंचती है तो अशोकनगर जिले से आवकारी विभाग को 220 करोड़ आय होने की संभावना है हालांकि विभाग ने 208 करोड की संभावना जताई है।

इस बार आवकारी दुकानों को लेने के लिए कईं नए ठेकेदार भी सामने आए हैं, अभी तक घनश्याम राठौर के नाम पर यह ठेके 20 प्रतिशत वृद्धि के साथ जाते रहे हैं इस बार उन्हें ई नीलामी में समूह क्रमांक 6 की दुकानें मिली हैं। ई टेंडर के लिए और भी अनेक लोगों ने आवेदन किए थे लेकिन उनके आवेदनों में त्रुटि होने के कारण उनके ई आवेदन निरस्त हो गए। अब कईं लोग शराब की दुकानों की नीलामी के लिए सामने आ रहे हैं जिसमें जिले में रामकुमार रघुवंशी और प्रियंका राय के नाम अब तक सामने आए हैं। 4 समूहों की नीलामी के बाद यह देखना है कि कोई और नए ठेकेदार सामने आते हैं या फिर इन्ही ठेकेदारों के ई नीलामी में नाम सामने आते हैं।

---

### मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कईं मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के चंदेरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम रामगढ़ थाना जतारा जिला टीकमगढ निवासी अखिलेश राय ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी मोहन शिवहरे, दीपक लोधी, आदित्य शिवहरे, भूपेन्द्र शिवहरे और एक अज्ञात साथी ने दीना मुनीम के आफिस में घुसकर उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के चन्देरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम कडराना निवासी जयहिन्द परमार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी बाबी, अन्नू, भूपेन्द्र परमार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के ईसागढ थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम कुटवारा निवासी कल्लो बाई लोधी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी कल्याण, सागर और मोनू लोधी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के नईसराय थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम हसनपुर निवासी रघुवीर यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी हरवीर, विवेक, सुबेक, और सुभम यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इसी घटना में दूसरे पक्ष की ओर से विवेक यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि रघुवीर, अभिषेक और अनिल यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के मुंगावली थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम निर्टर निवासी घनश्याम शर्मा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी परमाल दाउ ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के मुंगावली थाना क्षेत्र के अंतर्गत पालीवाल कॉलोनी निवासी सचिन जैन ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी भान सिंह यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के पिपरई थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम मारोन निवासी लालसाहब अरिवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी परमाल कुशवाह ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

---

जिला पुरातत्व पर्यटन एवं संस्कृति परिषद की साधारण सभा की बैठक आयोजित

## जिले में पुरातत्व पर्यटन स्थलों का होगा संरक्षणः प्रभारी मंत्री शुक्ला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर



जिले में पुरातत्व पर्यटन स्थलों एवं पुरा संपदा का संरक्षण एवं संवर्धन किया जायेगा। प्राचीन धरोहरों को सहेजने के हर संभव प्रयास किये जायेगें। यह बात मध्यप्रदेश शासन के नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री तथा जिले के प्रभारी मंत्री राकेश शुक्ला ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जिला पुरातत्व पर्यटन एवं संस्कृति परिषद की साधारण सभा की बैठक के आयोजन के दौरान वुर्चअल रूप से जुडकर कही। बैठक में मुंगावली विधायक बृजेन्द्र सिंह यादव, चंदेरी विधायक जगन्नाथ सिंह रघुवंशी, अशोकनगर विधायक हरीबाबू राय,जिला पंचायत अध्यक्ष अजय प्रताप सिंह यादव, कलेक्टर साकेत मालवीय, सांसद प्रतिनिधि संजीव भारिल्य, हरीसिंह रघुवंशी,समिति के शासकीय एवं अशासकीय सदस्य उपस्थित रहे।

बैठक में प्रभारी मंत्री ने कहा कि प्राकृतिक संसाधनों के आधार पर पर्यटन की संभावनाओं को विकसित करने के उद्देश्य से गठित समिति सभी के सहयोग से बेहतर कार्य करेगी। जिले में पर्यटन विकास से संबंधित विभिन्न प्रस्तावों एवं बहुउद्देशीय कार्यो को समाहित कर पर्यटन को बढावा दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि जिले के प्राकृतिक,ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक स्थलों को पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने के प्रयास किये जायेगें।जिससे स्थानीय स्तर पर रोजगार के नये अवसर सृजित हों और जिले की पहचान को व्यापक स्तर पर स्थापित किया जा सके। बैठक में कलेक्टर साकेत मालवीय द्वारा बताया गया कि शासन के नवीन निर्देशानुसार जिला पर्यटन संवर्धन परिषद के नाम में बदलाव किया जाकर जिला पुरातत्व पर्यटन एवं संस्कृति परिषद के नाम परिवर्तन का प्रस्ताव साधारण सभा में पारित किया जाकर असिस्टेंट रजिस्ट्रार फर्म एवं संस्थाएं ग्वालियर को भेजा जायेगा। चंदेरी में प्राणपुर विलेज जो कि पर्यटन विभाग भोपाल द्वारा विकसित किया गया है, अब गठित समिति को हस्तांतरित किया जायेगा। तत्संबंधी कार्यवाही सीईओ जिला पंचायत द्वारा शीघ्र पूर्ण कराई जाकर हस्तांतरित करने हेतु शासन को प्रस्ताव प्रेषित किया जायेगा। केन्द्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री तथा क्षेत्रीय सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया की पहल पर चंदेरी सिल्क एवं पूर्वोत्तर सिल्क को साथ मिलाकर नया उत्पाद ''पदमडोरी'' किये जाने के प्रयास किये जायेगें। जिसके तहत एन.ई.एच.डी.सी.सी. एवं जिला पुरातत्व पर्यटन एवं संस्कृति परिषद के मध्य एमओयू किया जायेगा।

बैठक में निर्णय लिया गया कि जिले की ऐतिहासिक,धार्मिक एवं पुरातत्व महत्व की धरोहरें कदवाया की गढ़ी,भरका का तालाब, झरने, चंदेरी, बूढ़ी चंदेरी,तूमैन, मल्हारगढ़, थूबोन जी, अखेबर धरोहरों को संरक्षित किया जायेगा। साथ ही आगामी समय में मल्हारगढ़ जिले में मैरिज गार्डन/पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किये जाने की कार्ययोजना तैयार की जायेगी।

## मल्हारगढ़ किले के संरक्षण को लेकर कलेक्टर ने दिए निर्देश

प्राचीन किला खो रहा है अपना वैभव



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

कलेक्टर साकेत मालवीय द्वारा जनपद पंचायत मुंगावली के ग्राम पंचायत मल्हारगढ़ का भ्रमण किया गया। भ्रमण के दौरान उन्होंने मल्हारगढ़ किला की पुरातत्व धरोहर को देखा। इस दौरान उन्होंने नलजल योजना के तहत पेयजल सप्लाई की जानकारी ली।

उन्होंने मल्हारगढ़ किला के संरक्षण एवं सवर्धन की दिशा में उचित प्रबंधन किये जाने के निर्देश दिये। साथ ही किला की साफ सफाई कराये जाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये।उन्होंने जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत किला की प्राचीन जलस्त्रोतों की पर्याप्त साफ सफाई कराई जाए। भ्रमण के दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश कुमार जैन, एसडीएम इसरार खान एवं संबंधित अधिकारी साथ थे।

**15 फरवरी को हरिभूमि ने प्रकाशित की थी खबर** मल्हारगढ किले को लेकर संरक्षण और संर्वधन किए जाने की मांग को लेकर हरिभूमि ने 15 फरवरी के अंक में खबर प्रमुखता से प्रकाशित की थी जिसमें कहा गया था कि यह मल्हारगढ किला ही नहीं एक सुंदर जल संरचना के लिए भी जाना जाता है यहां परिसर में रखी तोप, किला सहित पुरा संपदा किले के कण कण में फैली हुई है। इस क्षेत्र की विरासत को संभाले जाने की जरूरत है यह मांग इस खबर में की गई थी।



मल्हारगढ़ किले को सरंक्षण और संवर्धन की जरूरत, इतिहास का गवाह बना है यहां का किला और बीच में बनी जल संरचना

अशोकनगर। जिले की मुंगावली तहसील के अंतर्गत मल्हारगढ का किला संरक्षण और संवर्धन का इंतजार कर रहा है। मल्हारगढ किला मात्र किला ही नहीं है बल्कि किला परिसर में ही एक जल संरचना भी स्थित है. यही नहीं किला परिसर में रखी प्राचीन तोप, किला बुर्ज सहित सम्पूर्ण पुरा सम्पदा किला के ऐतिहासिक एवं सामरिक महत्व को रेखांकित करने का माध्यम है।

वर्तमान में उक्त किला जीर्ण-शीर्ण होकर लावारिस अवस्था से गुजर रहा है उक्त किला का संरक्षण एवं जीर्णोद्धार किए जाने से क्षेत्रीय विरासत को बचाया ही नहीं जाएगा बल्कि यह किला चंदेरी पर्यटन को बढ़ावा देने के साथ ही रोजगार के नवीन अवसर भी सृजन करने का एक बेहतरीन माध्यम साबित होगा। ग्रामीण पर्यटन योजना अंतर्गत ग्राम मल्हारगढ एक नवीन पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित होगा. विरासत रूपी किला का संरक्षण और संवर्धन होना जिला अशोकनगर सहित क्षेत्रीय सार्वजनिक पर्यटन और विरासत हित में आवश्यक ही नहीं अपितु अनिवार्य है। इन्हीं सब तथ्यों का उल्लेख करते हुए एक पत्र जिला संरक्षण और संवर्धन समिति के सदस्य मजीद खां पठान ने केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया को प्रेषित कर ग्राम मल्हारगढ स्थित किला को संरक्षित एवं जीर्णोद्धार किए जाने की दिशा में उचित कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

---

## चौथे जुम्मा को नमाज अदाकर अमन और भाईचारे की दुआ मांगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पिपरई

रमजान का मुबारक महीने का चैथा जुम्मा के दिन बच्चे बूढ़े नौजवान सभी मस्जिद में जुम्मे के नमाज अदा करने पहुंचे।ओर देश दुनिया में अमन चैन, भाई चारे का माहौल बना रहे। दहशत गर्दी का खत्मा हो और अपने गुनाहों की माफी और अल्लाहपाक जहन्नुम की आग से निजात दिला की दुआ मांगी गई।

इसके पहले रमजान का आखरी असरा दोजख से निजात कर चल रहा है। इसलिए जेहन में यह सवाल उठ रहे है कि जहन्नुम की आग से बचने के लिए क्या कदम उठाए जाय। इसका जवाब हे सच्चे दिल ओर पाक जज्बे के साथ अल्लाह की इबादत की जाए। फिर यह सवाल हे कि दिल सच्चा ओर जज्बा पाक पवित्र कैसे होगा। इसका जवाब है कि जब तौफीक प्रेरणा देगा तो बंदे का दिल सच्चा होगा और जज्बा पाक होगा यहां फिर सवाल उठता है कि अल्लाह दिल की सच्चाई ओर जज्बे की पाकीज़गी की तौफीक कैसे देगा ।



**इसका मतलब हमें कुरआन ए पाक में मिलता है।** यह बात तेईसवें रोजे पर जामा मस्जिद के पेश इमाम मुफ्ती मोहम्मद आमिर साहब ने रमजान मुबारक के चैथे जुम्मा के दिन लोगो को समझाइश देते हुए कहा कि अल्लाह का आदेश है कि जिसने खुदा के रास्ते में खर्च किया और परहेजगारी की ओर नेक बात को सच जाना उसको हम आसान तरीके की तौफीक देंगे। इस बात से यह जाहिर हो जाता हे कि तौफीक देने वाला अल्लाह है। रोजदार के लिए जरूरी है कि अल्लाह की इस तौफीक को पाने के लिए जरूरतमंदों को जकात ,दान,सदका पवित्र कमाई न्योछावर ओर खैरात मुफ्त में अन्न वस्त्र वितरण करें। इसके अलावा परहेजगारी संयमित ओर पवित्र आचरण और नेक बात शुभ वाणी को जाने भी ओर माने भी। ऐसा परहेजगार ओर नेक रोजदार अल्लाह से तौफीक पाता है।

जानकारी मिलते ही कलेक्टर भी गोदाम पर पहुंचे

## 4 किमी दूर गोदाम पर सिलेंडर लेने पहुंचे लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर



जिले में गैस सिलेण्डरों की कमी तेजी से सामने आ रही है एक दिन पहले हरिभूमि ने इस खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया था जिसके बाद उपभोक्ता बाबा गैस एजेंसी के मढ़खेडा स्थित गोदाम पर सिलेण्डर लेने पहुंच गए। जहां उपभोक्ताओं की भारी भीड़ के बीच कलेक्टर मौंके पर पहुंचे। इस दौरान उपभोक्ताओं को लाईन में खड़े कर बारी बारी से सिलेण्डर प्रदान किए गए।

कलेक्टर साकेत मालवीय द्वारा शुक्रवार को जय बाबा इंडेन गैस एजेंसी अशोकनगर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान गैस एजेंसी संचालक को निर्देशित किया गया कि समस्त गैस कनेक्शन धारियों को घर पर ही सिलेण्डर प्रदाय किये जाएं। लेकिन उपभोक्ताओं को सिलेण्डर घर पर प्रदान न किए जाने के कारण उन्हें गोदाम पर सिलेण्डर लेने जाना पड़ता है। उपभोक्ताओं के पहुंचने की वजह यह है कि घर पर और समय पर उपभोक्ताओं को डिलेवरी नहीं की जाती, जिसके कारण मजबूरी में उपभोक्ताओं को गैस एजेंसी के चक्कर लगाने पड़ते हैं। इस दौरान उपभोक्ताओं ने हंगामा किया और कलेक्टर को बताया कि जो हेल्प लाईन नंबर और बुकिंग गैस नंबर जारी किए गए हैं। वह नंबर भी नहीं लग रहे हैं जिससे सिलेण्डर की ऑन लाईन बुकिंग नहीं हो पा रही है। इस दौरान कलेक्टर साकेत मालवीय ने उपभोक्ताओं से कहा कि उन्हें किसी भी प्रकार से घबराने की जरूरत नहीं है, जिले में पर्याप्त मात्रा में गैस सिलेण्डरों का स्टॉक है। इस दौरान उन्होंने गैस एजेंसी संचालक को भी फटकारा और घरों पर ही सिलेण्डर पहुंचाने के आदेश दिए। इस दौरान उन्होंने गैस एजेंसी संचालक से बुकिंग करने वाले उपभोक्ताओं की सूची मांगी और कहा कि सभी उपभोक्ताओं के मोबाइल नंबरों पर संदेश भेजे जाएं कि उन्हें इस अवधि तक गैस सिलेण्डर मिल जाएगें।

### नागरिकगण सिलेंडर की कर सकते हैं बुकिंग

नागरिकगण सिलेण्डर की बुकिंग हेतु इंडेन 8454955555, भारत गैस 77109555 एवं एचपी गैस 9493602222 नंबर पर मिस कॉल कर सकते है। इंडेन 7789955555, भारत गैस 7715012345 एवं एचपी गैस 8888823456 नंबर पर एसएमएस कर सकते है। इंडेन 7588888824, भारत गैस 1800224344 एवं एचपी गैस 9222201122 नंबर पर व्हाट्सप कर सकते है। इंडेन गैस के इंडियन ऑयल वन एप, भारत गैस हेलो बीपीसीएल एवं एचपी गैस एचपी पे एप के माध्यम से बुकिंग कर सकते है। इसी प्रकार इंडेन गैस के पोर्टल भारत गैस तथा एचपी गैस पर बुकिंग कर सकते है।

### जिला आपूर्ति अधिकारी ने जिले के समस्त 32 एलपीजी वितरकों को दिए निर्देश

# पिछले सिलेंडर की डिलीवरी के 25 दिन बाद बुक हो पाएगी रिफिल

### *आवश्यक सेवाओं के अलावा अन्य स्थानों पर कमर्शियल गैस सिलेंडरों की सप्लाई प्रतिबंधित*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़



जिले में एलपीजी (लिक्विड पेट्रोलियम गैस) के सिलेंडरों की फिलहाल तक कोई समस्या नहीं है। परन्तु सोशल मीडया पर कुछ भ्रामक प्रचारों के चलते जिले के उपभोक्ता गैस सिलेंडरों का स्टॉक करने में लगे हुए हैं। यही वजह है कि गैस एजेंसियों एवं गोदामों के सामने अनावश्यक भीड़ देखी जा रही है। इन सबके बीच जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जिले में घरैलू गैस की कोई किल्लत नहीं है। जिला आपूर्ति अधिकारी अजीत सिंह केसरी ने इस बाबत जिले के समस्त एलपीजी वितरकों, पेट्रोल पंप संचालकों, थिंक गैस प्रबंधक से चर्चा कर आमजनों हेतु जानकारी साझा की है।

डीएसओ केसरी ने बताया कि सभी वितरकों को निर्देश दिए गए हैं कि एलपीजी की आपूर्ति केवल घरैलू उपभोक्ताओं को ही की जाए। एलपीजी वितरण में भविष्य में कोई समस्या न आने पाए इसके लिए और भी उपाए किए गए हैं। किसी भी उपभोक्ता की गैस सिलेन्डर की पिछली डिलेवरी के 25 दिन बाद ही रिफिल बुकिंग स्वीकार की जाएगी। वर्तमान में चिकित्सालय एवं शैक्षणिक संस्थाओं के अलावा किसी और वाणिज्यिक उपभोक्ताओं (होटल, मॉल, बल्क एलपीजी का उपयोग करने वाले औद्यौगिक क्षेत्रो, फेक्ट्री आदि) को कॅर्मिशियल एलपीजी (बल्क एण्ड पैक्ड) की सप्लाई नहीं की जाएगी।

#### जिले में एलपीजी के कुल 32 वितरक

जिले में आईओसीएल(इंडियन ऑइल कारपोंरेशन लिमिटेड), भारत गैस, बीपीसीएल कंपनी के कुल 32 एलपीजी वितरक हैं। वितरकों द्वारा प्रशासन के सज्ञान में लाया गया कि उनके पास सिलेन्डरों का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। वितरकों की ऐजेन्सी द्वारा इण्डेन्ट लगाने पर दूसरे दिन ऐजेन्सी को स्टॉक प्राप्त हो जाता है। जिला आपूर्ति विभाग ने समस्त एलपीजी वितरकों से कहा है कि गैस सिलेण्डर के लिये ऐजेन्सियों पर अनावश्यक भीड़ न लगने पाए और उपभोक्ता अपनी बारी आने पर रिफिल प्राप्त करें। रिफिल बुक नहीं होने की समस्या का निराकरण संबंधित ऑयल कंपनी द्वारा कर दिया गया है।

#### कालाबाजारी करने वालों पर करवाई जाएगी एफआईआर

आपको बतादें कि गत दिवस कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा द्वारा इस संबध में जिले के समस्त गैस एजेंसी संचालकों की बैठक आयोजित की गई थी। सभी एजेंसी संचालकों को कलेक्टर एवं एसपी द्वारा स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि यदि कहीं भी गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी पाई जाती है तो संबंधित के विरुद्ध एफआईआर दर्ज की जाएगी।

#### दुकानों पर घरैलू गैस के इस्तेमाल पर होगी कार्यवाही

प्रशासन ने स्पष्ट किया है व्यवसायिक प्रतिष्ठानों पर पूर्व से घरैलू गैस सिलेन्डर प्रतिबंधित हैं लेकिन अब इन निर्देशों का ज्यादा सख्ती से पालन किया जाएगा। अगर किसी भी प्रतिष्ठान, दुकान, होटल, रेस्टोरेंट, ढाबा आदि पर घरैलू गैस सिलेन्डर इस्तेमाल होता पाया गया तो सुसंगत धाराओं में एफआईआर दर्ज करवाई जा सकती है।

### शासन से एससी में पुनर्विचार याचिका दायर करने की मांग

# टीईटी परीक्षा का किया विरोध शिक्षक संगठनों ने सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

लोक शिक्षण संचालनालय ने पिछले दिनों देश की सर्वोच्य अदालत के एक संदर्भ का उल्लेख करते हुए सभी शिक्षकों के लिए टीईटी (शिक्षक पात्रता परीक्षा) देने संबंधी आदेश जारी किया था। उक्त आदेश जारी होने के बाद से ही जिले के शिक्षक समुदाय में खासा रोष व्याप्त है। शुरूआत में दबी जुबान में हुआ यह विरोध अब खुलकर सामने आया है।

इसी संबंध में शुक्रवार दोपहर शासकीय शिक्षक संघ के बैनर तले अन्य शिक्षक संगठनों के पदाधिकारी सहित शिक्षकों ने कलेक्टोरेट पहुंचकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में उल्लेख है कि जो शिक्षक बीते 27 सालों से विभाग में सेवाएं दे रहे हैं उनके लिए उक्त परीक्षा करवाने का क्या औचित्य है। ज्ञापन में मध्यप्रदेश शासन द्वारा पूर्व में शिक्षकों की भर्ती के संबंध में जारी अनेकों आदेशों का हवाला देते हुए टीईटी परीक्षा को बेबुनियाद और बगैर विचार के लिया गया निर्णय करार दिया गया है। शिक्षक संगठनों ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि मध्यप्रदेश शासन द्वारा टीईटी परीक्षा के संबंध में सर्वोच्य न्यायालय में पुनर्विचार याचिका दाखिल की जाए।

#### जारी आदेश निरस्त करे लोक शिक्षण

इसके साथ ही लोक शिक्षण अपने द्वारा जारी शिक्षक विरोध आदेश को निरस्त करे। इस दौरान शासकीय शिक्षक संगठन जिलाध्यक्ष भगवान राणावत, प्रांतीय शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष चंदर सिंह तोमर, पीएमयूएम जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिंह खिंची, मप्र शिक्षक संघ पदाधिकारी विजय भ्रदावले सहित कईं पदाधिकारी उपस्थित थे।

## कर्मादेवी जयंती पर रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन




**ब्यावरा।** मां कर्मा देवी जयंती के 3 दिवसीय महोत्सव में शुक्रवार को पहले दिन रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। सुबह 11 बजे मां कर्मा देवी की महा आरती के बाद रक्तदान का आयोजन शुरू किया गया है। जिसमें 17 लोगों ने रक्तदान किया। जिसमें 7 महिला और 10 पुरुषों ने अपना रक्तदान किया। भारत एकता ग्रुप के द्वारा रक्तदान का शिविर लगाया गया था। सुबह 11 से दोपहर 3 बजे तक चला कार्यक्रम।

## ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों का क्षमता वर्धन प्रशिक्षण संपन्न



**सारंगपुर।** समीपस्थ ग्राम बिलोदा सड़क में शुक्रवार को मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद, विकासखंड सारंगपुर द्वारा नवांकुर सेक्टर अंतर्गत प्रस्फुटन समितियों के सदस्यों के लिए क्षमता वर्धन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी सुशील व्यास ने की। प्रशिक्षण में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद सारंगपुर के ब्लॉक समन्वयक बद्रीलाल बामनिया ने प्रतिभागियों को परिषद की अवधारणा, उद्देश्य, गठन प्रक्रिया तथा कार्यों के दस्तावेजीकरण से संबंधित विस्तृत जानकारी दी। साथ ही शासन की विभिन्न योजनाओं एवं आगामी कार्ययोजना के बारे में भी दिशा-निर्देश प्रदान किए। इस दौरान समाजसेवी सुशील व्यास ने प्रशिक्षणार्थियों को गांवों में किए जाने वाले सामाजिक कार्यों जैसे पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण, ऊर्जा संरक्षण, सबके लिए शिक्षा, सबके लिए स्वास्थ्य, जैविक कृषि, गौसंवर्धन, नशामुक्ति, महिला सशक्तिकरण, स्वच्छता और सामाजिक समरसता जैसे विषयों से अवगत कराया।कार्यक्रम के अंत में ब्लॉक समन्वयक बद्रीलाल बामनिया द्वारा प्रस्फुटन समितियों के दस्तावेजीकरण की जानकारी दी गई। वहीं वरिष्ठ सरपंच श्रीमती बसंती बाई बेस द्वारा प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इस अवसर पर नवांकुर प्रभारी रामविलास लोदी, दिनेश सिसौदिया, पुरुषोत्तम चंद्रवंशी, मनोहर लववंशी, रघुराज सिंह सोलंकी, नवीन रुण्डवाल, राधेश्याम मेवाड़ा, श्याम चौहान, मुकेश जाट, पवन सिंह बेस सहित ग्राम एवं नगर विकास प्रस्फुटन समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

### मोबाइल मालिकों के चेहरों पर लौटी मुस्कान

# तकनीकी साक्ष्यों से ढूंढ निकाले गुम हुए 451 मोबाइल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़



ऑपरेशन टेस एण्ड रिटर्न के तहत राजगढ़ जिला पुलिस ने अलग-अलग समय पर जिले के आमजनों के गुम, चोरी हुए, जेबों से गिरे 451 मोबाइल टेक्नॉलाजी की मदद से ढूंढ निकाले हैं। शुक्रवार दोपहर एडिशनल एसपी केएल बंजारे ने एक प्रेसवार्ता के दौरान इस ऑपरेशन पर प्रकाश डालते हुए करीब 1 करोड़ 8 लाख के इन मोबाइलों को उनके असली मालिकों के हैंडओवर किया।

पुलिस की इस सफलता में जिले के समस्त थाना प्रभारियो, आधुनिक तकरीक एवं विभाग के विशेष पोर्टल की अहम भूमिका रही। अपने गुमे हुए मोबाइल वापस पाकर संबंधित मोबाइल मालिकों के चेहरों पर मुस्कान दौड़ती नजर आई। पुलिस की इस कार्यवाही से आम नागरिकों को बड़ी राहत मिली है। वहीं वर्दी के प्रति जनता का विश्वास और दृढ़ हुआ है।

#### अन्य जिलों एवं राज्यों से भी ट्रेस हुए मोबाइल

राजगढ़ पुलिस द्वारा मोबाइलों की बरामदगी केवल जिले तक ही सीमित नहीं रही बल्कि तकनीकी विश्लेषण से अन्य जिलों देवास, इंदौर, टीकमगढ, शाजापुर, उज्जैन, भोपाल, रतलाम, आगर-मालवा, अशोकनगर, गुना, विदिशा, रायसेन होशंगाबाद, खरगौन धार, ग्वालियर, रीवा, शिवपुरी भिण्ड, मंदसौर आदि एवं राज्यों बिहार, राजस्थान, गुजरात, उत्तरप्रदेश में उपयोग किए जा रहे मोबाइल फोन भी ट्रेस कर बरामद किए गए। इस पूरी सफलता में सायबर सेल प्रभारी जीतेंद्र अजनारे की विशेष भूमिका रही।

## सड़क किनारे तक हो गए कब्जे, प्रशासन ने हटवाए



**राजगढ़।** जिले में अनेकों स्थानों के आंतरिक मार्गों के किनारे निवासरत लोगों ने अपने स्वामित्व की जगह से अनेकों फीट आगे तक अवैध कब्जे किए हुए है। जहां-जहां से प्रशासन को इस तरह के बेजा कब्जों की सूचना मिल रही है, उन्हें हटवाने की कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण के अंतर्गत करनवास से सीलापानी एवं देहरी बामन से सनखेडी मार्ग के निर्माण कार्य के दौरान मार्ग पर कुछ ग्रामीणों द्वारा शोल्डर पर बागड़ एवं फेंसिंग लगाकर अतिक्रमण कर लिया गया था। इस अतिक्रमण से निर्माण कार्य में बाधा उत्पन्न हो रही थी। मामले को गंभीरता से लेते हुए प्रशासन ने अतिक्रमण हटाने के लिए दल गठित किया। उक्त दल में राजस्व निरीक्षक करनवास शंकरलाल नागर, हल्का पटवारी अरविंद चैधरी, अमरकांत जायसवाल, सुरेश जेठवार, मनोज यादव, कैलाशचंद्र यादव तथा संबंधित ग्राम कोटवार को शामिल किया गया। उक्त दल द्वारा करनवास से सेलापानी रोड का अतिक्रमण हटवाने की कार्रवाई की गई।

## मिसरोद मामले में निष्पक्ष जांच की मांग, पाटीदार समाज ने तहसीलदार को सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन



**सारंगपुर।** मिसरोद मुख्य मार्ग पर हुए विवाद के मामले में निष्पक्ष जांच की मांग को लेकर शुक्रवार को पाटीदार समाज के प्रतिनिधिमंडल ने सारंगपुर तहसील कार्यालय पहुंचकर तहसीलदार को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में समाजजनों ने बताया कि 25 फरवरी 2026 को शाम करीब 4:30 बजे मिसरोद मुख्य मार्ग स्थित शासकीय स्कूल के पास बुजुर्ग और साध्वी रजना के वाहन के बीच विवाद की घटना हुई थी। ज्ञापन में बताया गया कि उक्त मार्ग संकरा होने के कारण एक समय में एक ही वाहन निकल सकता है। इसी दौरान दोनों पक्षों के बीच कहासुनी हो गई, जिसके बाद विवाद बढ़ गया। समाजजनों का आरोप है कि इस दौरान उनके सामाजिक बुजुर्ग के साथ मारपीट की गई और उनके कपड़े भी फाड़ दिए गए। घटना के समय वहां भीड़ जमा हो गई और स्थिति तनावपूर्ण हो गई।

ज्ञापन में यह भी कहा गया कि बाद में वाहन चालक मौके से गाड़ी लेकर जाने लगा, तभी बुजुर्ग ने स्वयं को बचाने के लिए वाहन पकड़ लिया, जिससे वे कार के भीतर जा बैठे। समाजजनों का कहना है कि इस पूरे मामले में मिसरोद पुलिस द्वारा पक्षपातपूर्ण कार्रवाई की गई है और उनके चार बुजुर्गों के नाम गलत तरीके से प्रकरण में जोड़ दिए गए। पटेल समाज ने प्रशासन से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने तथा जब तक जांच पूरी न हो, तब तक अन्य नाम न जोड़ने की मांग की है। ज्ञापन सौंपने के दौरान नंदकिशोर पाटीदार, मांगीलाल पाटीदार, महेश पाटीदार, ए आर पाटीदार, मानसिंह पाटीदार, सुरेश पाटीदार सहित पाटीदार समाजजन मौजूद थे।

#### राजयोगिनी दादी हृदयमोहिनी की पांचवीं पुण्यतिथि दिव्यता दिवस के रूप में मनाई

**ब्यावरा।** प्राजपिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय शहीद कॉलोनी वाकेंद्र में शुक्रवार को राजयोगिनी दादी हृदयमोहिनी की पांचवीं पुण्यतिथि 'दिव्यता दिवस' के रूप में मनाई गई। इस दौरान ब्रह्माकुमारी परिवार के भाई-बहनों ने उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सेवाकेंद्र की संचालिका बीके लक्ष्मी दीदी ने कहा कि दादी हृदयमोहिनी का जीवन सादगी, सेवा भावना और आध्यात्मिक साधना से परिपूर्ण था। उन्होंने राजयोग के माध्यम से समाज में आध्यात्मिक जागरूकता फैलाने का महत्वपूर्ण कार्य किया। उनके विचार और जीवन दर्शन आज भी लोगों को सकारात्मक सोच और शांतिपूर्ण जीवन की दिशा में प्रेरित करते हैं।

## मेडिकेयर कॉलेज में लैब टेक्नीशियन दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का किया आयोजन




**सारंगपुर।** मेडिकेयर इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस (पैरामेडिकल कॉलेज) द्वारा लैब टेक्नीशियन दिवस के अवसर पर 13 मार्च को समापन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर कार्यक्रम को आकर्षक बना दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शासकीय मॉडल स्कूल की प्राचार्य बबिता मिश्रा तथा सिविल हॉस्पिटल सारंगपुर के लैब इंचार्ज एस.के. गुप्ता उपस्थित रहे। अतिथियों ने विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत किए गए कार्यक्रमों की सराहना करते हुए उन्हें प्रोत्साहित किया। साथ ही उत्कृष्ट प्रस्तुति देने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र और मेडल देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संस्था के ज्वाइंट डायरेक्टर ऋषभ सिंह यादव और अकादमिक डायरेक्टर डॉ. सांत्वना सिंह यादव ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि विज्ञान और चिकित्सा के क्षेत्र में प्रयोगशालाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। किसी भी नई खोज, दवा के विकास या बीमारी के सही निदान के पीछे प्रयोगशालाओं और लैब टेक्नीशियनों का अहम योगदान होता है। इसी महत्व को समझने और वैज्ञानिक शोध को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष वर्ल्ड लेबोरेटरी डे मनाया जाता है। उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि एक अच्छा लैब टेक्नीशियन अपने कर्तव्यों का ईमानदारी और जिम्मेदारी के साथ निर्वहन करते हुए समाज की सेवा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। कार्यक्रम के दौरान संस्था के शैक्षणिक एवं गैर-शैक्षणिक स्टाफ में सुनैना सेन, नितेश जोशी, संगीता गौर, मधु यादव, सिमरन राठौर, तन्मय सोलंकी, संजना गुप्ता, प्रवाशा सिंह, मुस्कान मंसूरी, रीना दांगी, सोनाली यादव, उमा सिंह राजपूत, कल्पना पाटीदार आदि उपस्थित रहे।

## नागरिकों को शीतल जल उपलब्ध करवाने प्याऊ का शुभारंभ किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर

नगर परिषद द्वारा नगर के विभिन्न स्थानों पर प्याऊ संचालित की जाती हैं, ताकि गर्मी में बाहर से आने जाने वाले राहगीरों व यात्रियों को पेयजल सुलभ रूप से उपलब्ध हो सके। इसी कड़ी में गर्मी के दिनों में नगर में शीतल जल की उपलब्धता हेतु नगर परिषद द्वारा नगर में प्याऊ का शुभारंभ किया गया। पूर्व वर्ष अनुसार इस वर्ष भी आम नागरिकों व बाहर से आने जाने वाले यात्रियों को गर्मी में ठंडा जल उपलब्ध हो सके नगर में स्वामी विवेकानंद चैराहा, हटीले हनुमान मंदिर के पास, स्टेडियम के पास आवास कॉलोनी, माचलपुर नाका,खिलचीपुर नाका, और कान्वेंट स्कूल के पास 6 स्थान पर प्याऊ का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाह,उपाध्यक्ष हेमंत जोशी पार्षद प्रतिनिधि शिवचरण मण्डलोई , मुकेश पुष्पद , कमल झावा तथा मुख्य नगर पालिका अधिकारी हरिओम शर्मा जल शाखा सुनील नागर, जनप्रतिनिधिगण और अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

### सुबह से नगर के मंदिरों में महिलाओं की लगी रही भीड़

# पीपल की पूजा कर दशा माता से सुख-समृद्धि की कामना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़



परंपरानुसार होलिका दहन के दस दिवस उपरान्त आने वाला होलिका दशा पर्व शुक्रवार को सनातनी धार्मिक महिलाओं द्वारा विधि-विधान से पीपल के वृक्षों की पूजा-अर्चना करते हुए मनाया गया। महिलाओं ने पीपल के वृक्ष की पूजा, परिक्रमा करते हुए अपने और अपने परिवार की सुख, समृद्धि की कामना की।

होली दशा पर्व पर नगर सहित जिले भर में सुबह से ही आरंभ हुआ पीपल के वृक्षों की पूजा का क्रम देर शाम तक चलता रहा। नगर के लगभग सभी पीपल के वृक्षों की पूजा कर महिलाओं पर्व से जुड़ी कथा बुजुर्ग महिलाओं से श्रवण की। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार अगर घर की आर्थिक स्थिति बिगड़ रही हो, बनते काम रुक रहे हों या घर में क्लेश आदि की स्थिति हो तो यह व्रत कायाकल्प कर सकता है।

#### राजा नल व दमयंती से जुड़ी है कथा

दशा माता की पूजा राजा नल और उनकी पत्नी दमयंती से जुड़ी हुई है। राजा-रानी दोनों सुखी जीवन जी रहे थे। रानी दमयंती भगवान विष्णु और लक्ष्मी की तन्मयता से पूजा कर सुख, समृद्धि की कामना करती थीं। एक दिन राजा नल ने क्रोध में आकर रानी के गले में पहना पूजा का धागा तोड़कर फेंक दिया। इस कारण से कुछ ही दिनों समूचा राज्य खत्म हो गया। एक दिन राजा को स्वप्न में एक वृद्धा ने पीपल के वृक्ष की पूजा कर पीला धागा अर्पित करने को कहा। राजा एवं रानी द्वारा ऐसा करने के बाद उन्हें दौबारा से अपना खोया राज्य संपन्नता के साथ मिल गया।

## दशा माता की पूजा कर महिलाओं ने पीपल वृक्ष की परिक्रमा कर मांगी सुख-समृद्धि



**कुरावर।** नगर में शुक्रवार को महिलाओं ने परंपरागत आस्था और श्रद्धा के साथ दशा माता का पूजन किया। हर वर्ष की तरह इस बार भी बड़ी संख्या में महिलाओं ने विभिन्न मंदिरों में पहुंचकर पीपल वृक्ष के नीचे विधि-विधान से पूजा-अर्चना की और परिवार की सुख-समृद्धि व खुशहाली की कामना की। सुबह से ही नगर के मंदिरों में महिलाओं की भीड़ देखने को मिली। महिलाओं ने पीपल वृक्ष की पूजा कर उसके चारों ओर धागा बांधा और परिक्रमा लगाई। इस दौरान महिलाओं ने घर-परिवार की उन्नति, सुख-शांति और समृद्धि के लिए प्रार्थना की। धार्मिक मान्यता के अनुसार दशा माता की पूजा से परिवार में सुख-शांति बनी रहती है और जीवन की बाधाएं दूर होती हैं। पूजन का क्रम सुबह से शुरू होकर दोपहर तक चलता रहा। महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में सज-धज कर मंदिरों में पहुंचीं और सामूहिक रूप से भक्ति-भाव के साथ पूजा-अर्चना की। कई स्थानों पर महिलाओं ने भजन-कीर्तन भी किया, जिससे मंदिरों का वातावरण भक्तिमय हो गया। नगर के प्रमुख धार्मिक स्थलोंकृनेशनल हाईवे स्थित शनि मंदिर, कृषि उपज मंडी परिसर के केसरीनंदन हनुमान मंदिर, नगर परिषद कार्यालय के पास खेड़ापति हनुमान मंदिर, अन्नपूर्णा मंदिर और गायत्री मंदिर सहित अन्य मंदिरों में भी महिलाओं ने श्रद्धा के साथ दशा माता की पूजा की। पूजा के दौरान दिनभर मंदिरों में श्रद्धालुओं की आवाजाही बनी रही। धार्मिक आयोजन के चलते पूरे नगर में भक्तिमय वातावरण बना रहा और महिलाओं ने श्रद्धा व आस्था के साथ दशा माता का पूजन कर परिवार की मंगलकामना की।